

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 283 | ग्वालियर, गुरुवार 3 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### जयपुर मुंबई ट्रेन गोली कांडः क्या RPF जवान चेतन सिंह की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी? रेलवे ने दिया ये जवाब




भारतीय रेलवे ने जयपुर-मुंबई ट्रेन गोलीबारी के आरोपी रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कांस्टेबल चेतन सिंह को लेकर बुधवार (2 अगस्त) को नया खुलासा किया. रेलवे ने कहा कि आरोपी की नियमित चिकित्सा जांच में कोई गंभीर मनोविकार नहीं पाया गया था.रेलवे ने आगे कहा कि जहां तक आरोपी चेतन सिंह के मानसिक स्थिति खराब होने की बात उसके इसको लेकर जांच निजी स्तर पर कराई होगी. इसके बारे में उसने किसी को नहीं बताया.चलती ट्रेन में अपने वरिष्ठ सहकर्मी और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार आरपीएफ के कांस्टेबल चेतन सिंह को मंगलवार (1 अगस्त) को सात अगस्त तक राजकीय रेलवे पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया है.

### पीएम मोदी से मिले केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत, शोभायात्रा में हथियार पर उठाया था सवाल,



हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद की शोभा यात्रा को रोकने पर 31 जुलाई को हिंसा भड़क उठी, जिसकी आग गुरुग्राम तक पहुंची है. हिंसा में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है. इसमें दो होमगार्ड और 4 नागरिक हैं. गुरुग्राम में एक मस्जिद पर हमला किया गया, जिसमें एक इमाम की मौत हुई है.इस बीच बुधवार को केंद्रीय राज्य मंत्री और गुरुग्राम से बीजेपी सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने पीएम मोदी से मुलाकात की. गौरतलब है कि राव इंद्रजीत सिंह ने नूंह में शोभायात्रा के दौरान हथियार लेकर जाने को लेकर सवाल उठाया था.इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा था, धार्मिक यात्रा में ले जाने के लिए उनको किसने हथियार दिए? धार्मिक जुलूस में कौन तलवार लेकर जाता है? लाठी-डंडे लेकर जाता है? गुरुग्राम सांसद ने इसे गलत बताया था.राव इंद्रजीत ने कहा था कि इस तरफ से भी भड़काने का काम किया गया था. उन्होंने कहा कि वे यह नहीं कह रहे हैं कि दूसरी तरफ से कोई भी भड़काने वाला काम नहीं किया गया. उन्होंने इसके लिए बच्चों की छोटी सी लड़ाई को भी जिम्मेदार ठहराया, जिन्होंने एक दूसरे पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया, जिसने चिंगारी को आग में बदल दिया.जब मंत्री से नूह हिंसा और पीएम मोदी से मुलाकात के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मंत्री ने कहा कि उन्होंने कई मुद्दों पर पीएम से बात की. हालांकि वह हरियाणा में एम्स के उद्घाटन के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित करने गए थे.जब धार्मिक रैली में हथियार वाली टिप्पणी पर उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया,÷अगर दोनों पक्ष हथियार ले जा रहे थे, तो यह जांच का सवाल है कि उन्हें ये हथियार किसने मुहैया कराए. हरियाणा सरकार इसकी जांच करेगी.÷

### बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के फैसले पर ममता बनर्जी का तीखा हमला, किया जिक्र



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और टीएमसी सरकार के बीच गतिरोध बढ़ता जा रहा है. अब राज्य की मुख्यमंत्री और टीएमसी चीफ ममता बनर्जी ने बुधवार को राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि बंगाल के राज्यपाल बीजेपी के निर्देश पर काम कर रहे हैं. उनकी ये टिप्पणी गवर्नर की ओर से राजभवन में एंटी करप्शन सेल गठित करने पर आई है.ममता बनर्जी ने भ्रष्टाचार विरोधी सेल के गठन पर कहा कि बंगाल के राज्यपाल अनावश्यक रूप से राज्य के मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं. मुख्यमंत्री ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि वे केवल यह कहते हैं कि यहां बढ़ रहा है. वे कभी भी अपने ऋष्टा के बढ़ने की बात नहीं कहते. पश्चिम बंगाल की सीएम ने कहा कि इतनी सारी विकास परियोजनाओं को लागू करने के बावजूद, हमने अपना कर्ज का बोझ कम कर लिया है, लेकिन वे हमें कभी जवाब नहीं देते. उन्होंने कहा कि हम सभी उत्सव को समान महत्व देतें हैं. शब ए बारात और करम पूजा पर हम सेक्शनल अवकाश की जगह सरकारी अवकाश देंगे. पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को कोलकाता राजभवन में एंटी करप्शन सेल की शुरूआत की थी. राज्यपाल ने कहा था कि इस तरह की पहल से आम लोगों को अपनी शिकायतें सक्षम अधिकारियों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी.टीएमसी ने इसका विरोध करते हुए सरकार के कामकाज में दखल देने का आरोप लगाया है. जिसपर राज्यपाल ने टीएमसी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि ये सेल दूसरों के क्षेत्र का उल्लंघन नहीं करेगा. उन्होंने कहा कि जो कोई भी भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, वह इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक प्रकोष्ठ को कर सकता है.

## नूंह हिंसा पर सुप्रीमकोर्ट का दिल्ली-यूपी और हरियाणा सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के बाद निकाली जा रही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की रैली पर रोक लगाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को याचिका दायर की गई है. दो जजों की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की है. वकील सीयू सिंह ने कहा कि नूंह में हिंसा के बाद से राज्य में हालात खराब हैं. दिल्ली में 23 जगहों पर प्रदर्शन किया जा रहा है, जिससे यहां भी हालात बिगड़ सकते हैं. मुख्य न्यायधीश याचिकाकर्ता ने वकील से कहा कि आप ईमेल करिए, हम जल्द आदेश पारित करेंगे, ताकि कोई हिंसा न हो। ये सभी राज्यों पर लागू होगा. नूंह मामले में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने सुनवाई की है. वकील सीयू सिंह ने कहा कि दिल्ली में 23 स्थानों पर रैलियां हो रही हैं. इस पर जस्टिस खन्ना ने पूछा कि क्या सुबह रैली में हेट स्पीच हुई तो वकील ने कहा- हां. सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कहा कि हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करें. हम शुक्रवार को फिर सुनवाई करेंगे. सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को चेताया कि ये सुनिश्चित करें कि ना हिंसा हो ना हेट स्पीच. सुरक्षा के तुरंत उपाय किए जाएं. संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त प्रीकॉशन अपनाए जाएं, अतिरिक्त पुलिस बल तैनात हो. और वीडियोग्राफी हो. किसी तरह की हेट स्पीच और हिंसा नहीं होनी चाहिए. कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना पुलिस का काम है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमको अखबारों से पता चला कि हरियाणा में हिंसा हुई है. अगर आपको लगता है कि अतिरिक्त सुरक्षा बल की जरूरत है तो उसको भी लगाया जाना चहिए. कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए धारा 144 सहित सभी एहतियाती उपाय अपनाए जा सकते हैं. उन्होंने सरकार से कहा कि स्थानीय अधिकारियों को चौकन्ना रहने के लिए कहें. याचिकाकर्ता ने एनसीआर की भी बात कही तो कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने अपनी अर्जी में पड़ोसी राज्यों को पक्षकार बनाया है। कोर्ट ने कहा कि हेट स्पीच ना हो, हिंसा ना हो. ऐसी कोई घटना होती है तो वीडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखी जाए. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दल्ली, यूपी और हरियाणा सरकार को नोटिस जारी किया. कोर्ट ने कहा कि रैली और प्रदर्शन पर रोक नहीं है.



## मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जवाब, माफी नहीं मांगने के चलते..

मोदी सरनेम से जुड़े मानहानि मामले में अपनी याचिका पर शुक्रवार को होने वाली सुनवाई से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया है. उन्होंने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अपील सेशंस कोर्ट में लंबित है. उसमें सफलता की संभावना है. इसलिए दोषसिद्धि पर सुप्रीम कोर्ट रोक लगा दे. पूर्णेश मोदी ने सीधे उनका बयान नहीं सुना था. मेरे मामले को अपवाद की तरह देख राहत दी जाए.उन्होंने कहा कि मानहानि केस में अधिकतम सड़ा के चलते संसद सदस्यता गई है. पूर्णेश मोदी खुद मूल रूप से मोदी समाज के नहीं हैं. उन्हें इससे पहले किसी केस में सड़ा नहीं मिली है. माफी नहीं मांगने के चलते घमंडी कहना गलत है.मोदी उपनाम मानहानि मामले में शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी ने सुप्रीम कोर्ट में 31 जुलाई



को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया था. इसमें उन्होंने राहुल गांधी की याचिका खारिज करने की मांग की थी. बता दें कि राहुल गांधी ने अपनी दोषसिद्धि पर रोक की मांग की है और इसपर 4 अगस्त को सुनवाई होनी है. पूर्णेश मोदी ने कहा है कि राहुल गांधी को राहत देने का कोई आधार नहीं है. उनका आचरण घमंड भरा है. बिना वजह एक पूरे वर्ग को अपमानित करने के बाद उन्होंने माफी मांगने से मना किया.

**राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट क्यों गए**–मानहानि मामले में राहुल गांधी को इस साल मार्च में सूरत की एक कोर्ट ने दो साल कैद की सजा सुनाई थी और गुजरात हाई कोर्ट ने सात जुलाई को उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. इसके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसने 21 जुलाई को गुजरात सरकार समेत संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा था.

### 20 महीने की बच्ची से रेप और हत्या मामले में सूरत कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा, पीड़ति परिवार को 10 लाख रुपये देने का आदेश



गुजरात में सूरत की स्पेशल कोर्ट ने 20 महीने की नवजात बच्ची से बलात्कार और हत्या के मामले में सुनवाई की. कोर्ट ने इस मामले में 23 वर्षीय व्यक्ति को फांसी की सजा सुनाई. यह मामला फरवरी महीने का है. इस्माइल उर्फ इस्माइल यूसुफ हाजात को जज शंकुंतला सोलंकी ने सोमवार (31जुलाई) को अपराध के लिए दोषी ठहराया. कोर्ट ने इस्माइल को आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और 376एबी (12 साल से कम उम्र की लड़की से बलात्कार) और पोक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत फांसी की सजा सुनाई है.

### कर्नाटक के पार्टी नेताओं के साथ राहुल गांधी और खरगे ने दिल्ली में की बैठक, मिशन 2024 की रणनीति पर हुई चर्चा

आने वाले लोकसभा चुनाव के पक्ष और विपक्ष ने कमर कसनी शुरू कर दी है. मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी मिशन 2024 की तैयारियां शुरू की हैं. जिसके लिए दिल्ली में मंथन हुआ है. मिशन लोकसभा के तहत कर्नाटक के तमाम बड़े पार्टी नेताओं के साथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी की बैठक हुई. जिसमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी मौजूद रहे. बताया गया कि इस बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई.



**बैठक की तस्वीरें आईं सामने**–बैठक की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें देखा जा सकता है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में कर्नाटक कांग्रेस के नेता बैठक में शामिल हुए. तस्वीरों में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके को एक साथ बैठे देखा गया. इनके अलावा पार्टी नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल भी बैठक में नजर आए.

**डीके शिवकुमार ने दी थी जानकारी**–दिल्ली में हुई इस बैठक को लेकर एक दिन पहले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जानकारी दी थी. उन्होंने बताया था कि प्रदेश कांग्रेस के लगभग 50 नेता और मंत्री 2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए दो अगस्त को दिल्ली में पार्टी नेतृत्व से मुलाकात करेंगे.

## सीएम खट्टर बोले, जिन्होंने भी नुकसान पहुंचाया, करेंगे वसूली, मोनू मानेसर की गिरफ्तारी पर पल्ला झाड़ा

हरियाणा के नूंह और मेवात में हुई हिंसा के बाद से तनाव की स्थिति बनी हुई है. इसी बीच बुधवार (2 अगस्त) को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा, ÷हम नूंह हिंसा के पीड़ितों को सहायता प्रदान करेंगे. इसके लिए एक योजना शुरू की जाएगी. हिंसा में जो भी नुकसान हुआ है, वह दंगाइयों से वसूला जाएगा.वहीं, मोनू मानेसर को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा, ÷मोनू मानेसर के खिलाफ पिछला केस राजस्थान सरकार ने किया था. मैंने राजस्थान सरकार से कहा है कि जिस भी तरह की मदद आपको ढूंढने में चाहिए, हम मदद करेंगे. हम मदद के लिए तैयार हैं. राजस्थान पुलिस ढूंढ रही है. कहां है, अभी इसका इनपुट नहीं है. राजस्थान पुलिस कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है.सीएम खट्टर ने कहा कि दंगा करने



वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि हम पोर्टल की मदद से लोगों के नुकसान का आकलन करेंगे. सरकार ने हालात पर बारीकी से नजर बनाए हुई है. साथ ही उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की.दरअसल, हिंदू संगठनों की एक यात्रा के दौरान भड़की इस हिंसा के पीछे स्वंयभू गोरक्षक मोनू मानेसर के एक वीडियो को जिम्मेदार माना जा रहा है. जिस पर भिवानी में जुनैद और नासिर की हत्या कर जलाने का आरोप है. हरियाणा के नूंह जिले में हिंदू संगठनों ने एक शोभा यात्रा निकालने का ऐलान किया था. मोनू मानेसर का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वो चुनौती देता हुआ दिख रहा है कि मैं और मेरे लोग इस यात्रा में पहुंच रहे हैं.हिंसा को लेकर गुरुग्राम ष्टक्क मनोज कुमार ने कहा कि अब स्थिति सामान्य है और हम बादशाहपुर में सामान्य स्थिति बनाए रखने की दिशा में काम कर रहे

## भारत-ब्रिटेन संबंधों की मजबूती के लिए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट क्यों है जरूरी, 2023 के अंत तक बन सकती है सहमति

भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच आपसी संबंध मजबूत करने के लिहाज से व्यापार काफी महत्व रखता है. हालांकि तमाम कोशिशों के बाद भी जितनी बड़ी अर्थव्यवस्था भारत और यूनाइटेड किंगडम हैं, द्विपक्षीय व्यापार को वैसी रफ्तार नहीं मिली है.कूटनीतिक तौर से महत्वपूर्ण इस मुद्दे पर आगे बढ़ने के लिए दोनों ही देश मुक्त व्यापार समझौता को अंतिम रूप देने के प्रयासों में जुटे हैं.प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत का 11 दौर पूरा हो चुका है. एफटीए पर बातचीत 12वां दौर 7 अगस्त से दिल्ली में होना है. 11वें दौर की वार्ता जुलाई में लंदन में हुई थी और उसमें वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल शामिल हुए थे. प्रस्तावित मुक्त व्यापार



समझौते में कुल 26 अध्याय हैं, जिनमें से 19 पर बातचीत हो गई है. इनमें बेहद ही संवेदनशील ऑटोमोबाइल सेक्टर भी शामिल है. 12वें दौर की वार्ता में जिन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हो सकती है, उनमें वाहन और शराब पर शुल्क में कटौती और सेवाओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं.12वें दौर की वार्ता में दोनों देशों के बीच निवेश संधि पर भी बातचीत होनी है. दरअसल भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि पर भी बातचीत हो रही है. दोनों देश चाहते हैं कि मुक्त व्यापार समझौते के साथ ही इस निवेश संधि पर भी सहमति एक साथ बने.दोनों देशों को उम्मीद है कि 2023 के आखिर तक मुक्त व्यापार समझौते और निवेश संधि पर सहमति बन जाएगी. दोनों देश चाहते हैं कि एफटीए पर बातचीत जल्द पूरी हो. ऐसा कहा भी जा रहा है कि भारत और ब्रिटेन इस साल मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं.

## यूसीसी पर बुरा मानने से पहले इस बात को रखा जाए, फैजान मुस्तफा ने बताया

यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) पर इस समय कोर्ट से लेकर संसद तक बहस चल रह है. सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार दोनों कानून में इस रिफॉर्म की इस प्रक्रिया को अपनाने पर जोर दे रहे हैं. इसके बावजूद कुछ लोग यूसीसी का विरोध कर रहे हैं. खासकर मुस्लिम समाज इसका पुरजोर विरोध कर रहा है. यूसीसी को लेकर मतभेद होने के साथ-साथ लोगों को इसकी सही जानकारी न होना भी माना जा रहा है. कानून के जानकार और अलीगढ़ मुस्लिम विश्ववाद्यालय के प्रोफेसर फैजान मुस्तफा का मानना है. कभी-कभी जानकारी के अभाव में अच्छी बात का भी विरोध होने लगता है.पहले करना चाहिए ये कामः कानूनविद् फैजान मुस्तफा खुद यूनिफार्म सिविल कोड लाने के पक्ष में हैं. उनका मानना है कि किसी भी समाज और देश की तरक्की में समय के अनुसार कानूनों में भी बदलाव जरूरी होता है. साथ ही उनूहोंने चेताया भी है कि यूसीसी को एकसाथ लागू कतई नहीं करना चाहिए. अन्यथा इसके कुछ दुष्परिणाम भी देखने को मिल सकते हैं. यूसीसी में सबसे पहले उन जगह को टच करना चाहिए जहां पर समाज की सहमति बन चुकी हो. यानी उस जगह रिफॉर्म या यू कहें कानून में संशोधन का विरोध करने वाला कोई न हो. यूसीसी में धार्मिकता से जुड़े हुए पहलुओं को पहले कतई न छुआ जाए.इन विषयों पर सबकी ली जाए रायः अगर यूसीसी में किसी धार्मिक मामले या जातिगत मामले में रिफॉर्म की जरूरत पड़ती है, तो सबसे पहले उस समाज के




लोग, कानून के जानकारों और धार्मिक गुरुओं को एक साथ एक जगह बैठाकर उसपर बात करनी चाहिए. जिस बात सभी लोग एकमत हो जाए उसे रिफॉर्म की प्रक्रिया में शामिल कर लिया जाए. यूसीसी में थोड़े लचीलेपन की गुंजाइश अवश्य रखनी चाहिए.संशोधित हिंदू लॉ बिल 1941 में था क्या? जो बिल 1941 में तैयार किया और 1943 में संशोधनों के साथ पेश किया गया था. उसमें इस बात का उल्लेख किया गया था कि पति की मृत्यु के बाद उसकी संपत्ति की वारिस उसकी विधवा पत्नी को बनाया जाए. इसी बात को लेकर बवाल मच गया था. हिंदू समाज से इसकी कड़ी प्रतिक्रिया आई थी. उसमें तरह-तरह के सवाल उठे. जैसे यदि दो पत्नियां होंगी तो क्या होगा. दोनों पत्नियां अलग-अलग जाति हैं तो क्या होगा. यह एमेडमेंट करने से पहले महिला के चरित्र के बारे में जानना जरूरी होगा. अगर वह महिला पहले ही अपने पिता की संपत्ति में हकदार है तो क्या उसे दोनों जगह हिस्सा मिलना चाहिए ? उस महिला के कोई औलाद न हो और लड़का या लड़की गोद ली गई तो संपत्ति बंटवारे में कैसी वसीयत बनेगी आदि-आदि.हिंदू लॉ कोड इसीलिए फंसा थाः भारत में हिंदू लॉ कोड लाकर पुराने हिंदू पर्सनल लॉ के नियमों में रिफॉर्म करने की कोशिश 1941 में शुरु की गई थी. 25 जनवरी 1941 में इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया था. इस रिफॉर्म कमेटी का अध्यक्ष बीएन राव को बनाया गया था. वह कोलकाता हाईकोर्ट में न्यायाधीश थे. इसके अलावा तीन अन्य सदस्य भी थे. जिनमें वकील द्वारका नाथ मित्रा, (पूर्व हाईकोर्ट जज), पुणे लॉ कॉलेज के प्रिसिंपल आर. घुरपुरे और बड़ौदा के वकील राज रतन वासुदेव विनायक जोशी उक्त कमेटी में थे. तैयारी के बाद 1943 में इसे संसद में पेश किया गया.इसके पहले यह पास हो पाता पूरे देश में इसका विरोध शुरू हो गया था. किसी ने कहा कि यह हिंदू संस्कृति को नष्ट करने की शुरुआत है, तो कोई बोला अगर पति की मृत्यु के बाद उसकी विधवा को संपत्ति का हिस्सा मिलेगा तो बेटे का क्या होगा. किसी ने कहा कि ऐसे में जब बेटे को हिस्सा नहीं मिलेगा तो वह अपनी बहनों की शादी नहीं करेंगे. यहां 25 जजों को इस पर एक राय जुटाने के लिए बुलाया गया तो उसमें 24 जजों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस बिल को न लाया जाए तो ही ठीक होगा.

# भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का विशाल सम्मेलन निमंत्रण मंडल चाचौड़ा द्वारा



**योगेश शर्मा**
**पुष्पांजलि टुडे**

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का विशाल सम्मेलन का निमंत्रण मंडल चाचौड़ा द्वारा घर घर जाकर विभिन्न ग्रामों में निमंत्रण दिया साथ में मंडल अध्यक्ष प्रदुमन मीना जी गोपाल पंडा पूर्व मंडल अध्यक्ष जी भोला सोनी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जी सूरज पालीवाल मंडल मंत्री द्वारा निमंत्रण पत्र देकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में आने का आग्रह किया दिनांक 6 अगस्त 2023 रविवारसमय प्रातः 10ः00 से

**स्थान** – मंडी प्रांगण बीनागंजआमंत्रण चाचौड़ा मंडल आप सभी का स्वागत करता हैभारतीय जनता पार्टी चाचौड़ा विधानसभा के सम्मानीय कार्यकर्तागण आप सभी सादर आमंत्रित हैं

# रंगोली बरेली के माध्यम से दिया गया मतदाताओं को मतदान करने का संदेश,स्वीप प्लान की गतिविधियां संपन्न

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत स्वीप प्लान कार्यक्रम के तहत विधानसभा पिछोर क्षेत्र क्रमांक 26 विकासखंड पिछोर में आज बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई रैली में शासकीय उत्कृष्ट बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल समेत छत्रसाल महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ प्रशासनिक विभागीय अधिकारियों और नगर परिषद कर्मचारी,सेल्समैन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्व सहायता समूह की महिलाएं समेत अन्य स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार चौधरी के आदेश अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुरी उमराव सिंह मरावी तथा स्वीप नोडल प्रभारी के निर्देशन में जिले की सभी विधानसभाओं में स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग थीमों पर कार्यक्रम कराए जा रहे हैं इसी क्रम में मंगलवार को रेस्ट हाउस प्रांगण में स्कूली बालिकाओं और महिलाओं द्वारा रंगोली के माध्यम से मतदान का संदेश दिया गया था वही आज जनपद पंचायत पिछोर के छत्रसाल महाविद्यालय से प्रारंभ होकर पिछोर नगर के प्रमुख इलाकों से होते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और मतदाताओं को जागरूक किया गया रैली में प्रमुख रूप से प्रथम बार मतदाता बने कॉलेज के छात्र छात्राओं को शामिल किया गया रैली समाप्त होने के बाद उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई रैली में पिछोर एसडीएम अरविंद शाह जनपद सीईओ पुष्पेंद्र व्यास तहसीलदार शिव शंकर गुर्जर मुख्य नगर परिषद अधिकारी आनंद शर्मा विकास खंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता खाद्य कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अभिषेक दुबे जगदीप राजपूत महाविद्यालय के प्राध्यापक अरविंद यादव आनन्द लिटोरिया आदि उपस्थित रहे






# बीनागंज वार्ड क्रमांक 9 में खुद नाली से रहवासी परेशान

**चाचौड़ा जिला गुना योगेश शर्मा नगर संवाददाता**

नगर परिषद चाचौड़ा बीनागंज द्वारा वार्ड क्रमांक 9 में नाली निर्माण को लेकर नाली खुदाई का कार्य लगभग दो माह पहले किया गया था नाली निर्माण कार्य की गति धीमी होने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया जिसके चलते कॉलोनी वासी एवं दुकान वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा खुद ही नाली में पानी का भराव होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं जिससे आसपास के रहवासी बीमार पड़ रहे हैं भरे हुए पानी से गंदगी फैल रही है नगर परिषद द्वारा भरे हुए पानी में कोई दवाई का छिड़काव नहीं किया जा रहा है रहवासियों का कहना है कि नगर परिषद को ऐसे इंतजाम किए जाना चाहिए जिससे नाली में पानी इकट्ठा ना हो या दवाई का छिड़काव किया जाना चाहिए लेकिन इस और नगर परिषद द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है



## अति. पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे नवीनीकृत मीटिंग हॉल का लोकार्पण कर

# पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के साथ समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ ली क्राइम मीटिंग, आगामी चुनावो को लेकर समीक्षा की एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिये

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी ।** दिनांक 02.08.2023 को पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे अति. पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन ग्वालियर श्री डी. श्रीनिवास वर्मा द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी के मीटिंग हॉल के नवीनीकरण के बाद लोकार्पण किया एवं अति. पुलिस महानिदेशक व पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले के समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग ली । अति. पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन ग्वालियर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाने हेतु अधिक से अधिक प्रयास करने हेतु निर्देशित किया ।

अति. पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा क्राइम मीटिंग मे निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी ।

1.समस्त थाना प्रभारी अपने थाने क्षेत्र के स्थाई वारंट आमद कराऐंगे व स्थाई वारंटियों की धरपकड़ कर ज्यादा से ज्यादा स्थाई वारंट तामील कराऐंगे ।

2.आगामी चुनावों को मद्देनजर रखते हुये समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र मे पिछले 20 वर्षों मे चुनाव के दौरान हुये झगड़े या चुनावी रंजिस पर हुये विवाद पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करेंगे एवं वहां की स्थिति सुधारने हेतु कार्यवाही करेंगे एवं वाउंड ओवर कराऐंगे ।






3.आगामी चुनाव मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आसामाजिक तत्वों व पुराने आपराधिक रिकॉर्ड बाले लोगों पर प्रतिवंधात्मक कार्यवाही करते हुये वाउंड ओवर कराने की कार्यवाही करेंगे ।

4.समस्त थाना प्रभारी शेडो एरिया की पहचान करेंगे व उस एरिये मे कम्युनिकेशन करने के लिये आवश्यक व्यवस्था पर कार्यवाही करते हुये कम्युनिकेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।

5.आगामी चुनाव मे दूरस्थ, अति ग्रामीण एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर अभी से व्यवस्था बनाने के प्रयास करेंगे एवं शांतीपूर्ण चुनाव करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे ।

6.आगामी चुनावों के लिये अपने-अपने क्षेत्र मे कम्युनिकेशन प्लान तैयार करेंगे व आस-पास के 08 पोलिंग बूथ को मिलाकर सेक्टर मोबाइलों को लगाने की प्लानिंग करेंगे ।

7.आगामी चुनावों को लेकर जिले की अंतर्राज्यीय व जिले की सीमा पर पुलिस चैक पोस्ट लगाये जाकर वाहर से होने बाली अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु कार्यवाही की जावे ।

8.आचार संहिता लगते ही समस्त थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्र के समस्त आर्म्स जमा कराएंगे व इस बात को सुनिशिचित करेंगे की चुनावी महोल मे किसी भी व्यक्ति के पास आर्म्स न हों एवं कोई किसी प्रकार का आर्म्स लिये पाये जावे तो उसके खिलाफ आवश्यक रुप से कार्यवाही की जावे

# मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल हुए क्रमांक 2 स्कूल के छात्र-छात्राएं

## शहर में रैली निकालकर दिया मतदान करने का संदेश

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** निर्वाचन आयोग द्वारा सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के उद्देश्य से जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए जिले में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित हो रही है। विशेषकर स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओं को जोड़कर उनके घर परिवार आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रयास है। इसी उद्देश्य से शासकीय विद्यालय क्रमांक 2 से स्कूली छात्र छात्राओं के साथ रैली निकाली गयी। रैली शहर का भ्रमण करते हुए स्कूल पहुंची, जहां जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी ने सभी को मतदान प्रक्रिया में भागीदार बनने के लिए शपथ दिलाईइस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर, सहायक संचालक ओबीसी एवं स्वीप सहायक नोडल अधिकारी निकिता तामरे, स्कूल प्राचार्य अर्चना शर्मा, एक्सीलेंस स्कूल प्राचार्य, जिला पंचायत से राजेश गोयल, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी सत्यमूर्ति पांडे सहित स्कूल का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं शामिल हुए।





# 18 वर्ष से अधिक के युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वायें - कलेक्टर

## राष्ट्रीय राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली की अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के आधार पर प्रारूप प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों की बैठक आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।जिलाधीश कार्यालय के सभाकक् में आयोजित बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी विजेंन्द्र सिंह यादव सहित मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के जिला प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अभियान के तहत मतदाता सूची में जोड़ने वाले मतदाताओं के संबंध जानकारी दी और कहा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना हम सभी का दायित्व है। अभी तक जिले में 12 लाख 42 हजार मतदाता हो चुके है। आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक हो। इसके लिए सभी प्रयास करें।उन्होंने कहा कि जेंडर रेशों पर ध्यान देना होगा। महिलाओं की भागीदारी मतदान के लिए अधिक हो सके। ऐसे मतदान केन्द्र जो क्रिटिकल एवं बलनरेबल के अंतर्गत आते है, उन पर पुलिस प्रशासन के सहयोग से उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो जिससे वह पोलिंग बूथ पर जाकर अपना मतदान कर सके। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जा चुका है। इस संबंध में दावे आपत्तियां 31 अगस्त तक दर्ज की जा सकेंगी। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संसोधन करने के लिए विशेष कैंप का आयोजन 12 अगस्त, 13 अगस्त, 19 अगस्त एवं 20 अगस्त को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 22 सितंबर को किया जाएगा। नामावली अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना तथा डाटाबेस को अपडेट करना और परिशिष्टों को मुद्रित 29 सितंबर को किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को किया जाएगा।बैठक में बताया गया कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 12 लाख 42 हजार 74 हो चुकी है। जिसमें विधानसभा करैरा में 2 लाख 54 हजार 283, विधानसभा पोहरी में 2 लाख 34 हजार 781, विधानसभा शिवपुरी में 2 लाख 52 हजार 34, विधानसभा पिछोर में 2 लाख 57 हजार 19, विधानसभा कोलारस में 2 लाख 44 हजार 623 मतदाता हो चुके है।




# अजय शर्मा बने करैरा एसडीएम, तहसील कार्यालय पहुंचकर किया पदभार ग्रहण

**ब्यूरो चीफ राजेश नरवरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**करैरा (शिवपुरी)।** जिला कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने कल किए डिप्टी कलेक्टर के फेरबदल में अजय शर्मा को करैरा एसडीएम का प्रभार सौपा है। उसी क्रम में उन्होंने आज करैरा पहुंच कर एसडीएम के पद पर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नायब नाजिर शाखा, निर्वाचन शाखा, आदि का अवलोकन कर सभी स्टाफ से परिचय प्राप्त कर सभी को शासन की मंशा के अनुरूप ठीक ढंग से कार्य करने हेतु निर्देशित किया।एसडीएम अजय शर्मा , हाल ही में बालाघाट जिले के किरनापुर अनुविभाग में एसडीएम के पद पर पदस्थ थे। अजय शर्मा पूर्व में भी जिले के बदरवास, कोलारस तहसील में तहसीलदार रह चुके है। वह1996 बैच के राज्य सेवा के अधिकारी है। उन्होंने 2004 से तहसीलदार के पद पर अनेक तहसीलों में पदस्थ रहकर कार्य किया है। वह हाल ही में पदोन्नति होकर एसडीएम बने है। एसडीएम के रूप में यह उनकी दूसरी पदस्थापना है। अजय शर्मा ने एसडीएम का पदभार ग्रहण कर करेरा की आस्था के केंद्र प्रसिद्ध हनुमानमंदिर बगीचा सरकार पहुंच कर उनके दर्शन किये ।एसडीएम अजय शर्मा के पदभार ग्रहण में करैरा तहसीलदार ओ पी तिवारी, नायब तहसीलदार दुर्ग सिंह वैश्य, मंडी सचिव अशोक जाटव आर आई विनोद सोनी, करैरा पटवारी अरविंद असैय्या, स्टेनो रमेश कुशवाह दिनारा पटवारी नीरज लोधी, पटवारी भानु एवं तहसील स्टाफ सहित पत्रकार गण उपस्थित रहे.



## शिवपुरी पुलिस की गंभीर अपराधों मे त्वरित कार्यवाही

# पुलिस थाना गोवर्धन द्वारा हत्या के आरोपी को 10 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन मे एसडीओपी पोहरी श्री मनीष यादव के मार्गदर्शन में गंभीर अपराधों मे आरोपियों की गिरफ्तरी के लिये व अपराधों के निकाल के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना गोवर्धन द्वारा अपनी ही पत्नी के हत्या अपराध मे आरोपी को घटना के महज 10 घंटों की भीतर ही गिरफ्तार किया गया । घटना पुलिस थाना गोवर्धन की है जिसमे आरोपी पति द्वारा अपनी पत्नी का हंसिया से गला काटकर हत्या कर दी थी । सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना गोवर्धन पर अपराध क्रमांक 61/23 धारा 302 आईपीसी का दर्ज किया गया । घटना घटित करने के बाद आरोपी पति फरार हो गया था जिसे पुलिस द्वारा संभाबित सभी स्थानों पर सर्च किया । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी गोवर्धन के नेतृत्व मे पुलिस टीम बानाकर हत्या के आरोपी वृंदावन पुत्र रामजी आदिवासी उम्र 35 साल निवासी गाजीगढ़ को आदिवासी कॉलोनी थाना गोवर्धन से गिरफ्तार किया गया है ।इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी गोवर्धन एस एस सिकरवार और थाना गोवर्धन स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही



# लंकेश्वरी बाल संस्कार समिति देवभोग द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवभोग में मनाया गया आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय की जयंती





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद** जिला देवभोग लंकेश्वरी बाल संस्कार समिति देवभोग द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवभोग में आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय की जयंती को विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर संचालन समिति के व्यवस्थापक सुधीर भाई पटेल , विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र साहू , प्रधानाचार्य मनोज रघुवंशी एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक शाला गहनामुड़ा में पदस्थ प्रधानपाठक अवनीश पात्र उपस्थित रहे । इस अवसर पर छात्र- छात्राए के मध्य विज्ञान रंगोली , विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी , विज्ञान चार्ट , निबंध लेखन , प्रश्नमंच , चित्रकला , भाषण जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए । मुख्य वक्ता श्री पात्र ने छात्र - छात्राएं को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती । विज्ञान का ज्ञान क्या , क्यों और कैसे शब्दों के बिना हमेशा अधूरा रहता है । जिन विद्यार्थियों के मन में जिज्ञासा न हों वे विज्ञान के पूर्ण छात्र नहीं बन सकते । हमारे देश में विज्ञान की उज्जवल परंपरा रही है उसका स्मरण करते हुए हमें विज्ञान के क्षेत्र में बहुत आगे जाने का प्रयास करना है संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के विज्ञान प्रमुख सनातन कश्यप एवं सह प्रमुख चूड़ामणि कश्यप के मार्गदर्शन में व सभी आचार्यों के सहयोग से संपन्न हुआ । कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्य हेमंत यादव के मार्गदर्शन में रूपेश पात्र एवं डीगेंद्र साहू ने किया इसी तरह कार्यक्रम की समाप्ति हुई

## मेवात में हुई हिंसा के विरोध में विहिप ने प्रदर्शन कर जिहादियों का पुतला जलाया

### बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने जिहादियों के विरोध में जमकर नारे बाजी की



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद** - हिन्दू समाज के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित धार्मिक ब्रजमंडल यात्रा मेवात के नूंह में हिन्दुओं के आस्था व श्रद्धा के केन्द्र पाण्डव कालीन प्राचीन नल्लहड शिव मन्दिर की धार्मिक यात्रा पर इस्लामिक जेहादियों ने तीर्थयात्रियों पर भारी पथराव, हिंसा, आगजनी और पहाडियों से सीधी गोलियां चलाई गईं हैं, जिसमें सेंकड़ों गाड़ियां क्षतिग्रस्त और आगजनी की भेंट चढी हैं।दो पुलिस के होमगार्ड की मृत्यु हुई है एवं 01 तीर्थयात्री एवं बजरंग दल के 01 कार्यकर्ता की मृत्यु एवं कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं जिसके विरोध में 02 अगस्त 2023 को पूरे देश में जिला स्तर पर प्रदर्शन का आव्हान किया गया था। गरियाबंद के गांधी मैदान में भी जिहादियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया।बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने जिहादियों के विरोध में जमकर नारे बाजे किये कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिलाध्यक्ष शिशुपाल राजपूत, जिला संयोजक कुलेश्वर सिन्हा , विभाग अर्चक पुरोहित मेशनन्दन पांडेय, जिला सह सयोजक विकाश शर्मा ,प्रखंड अध्यक्ष लोकेश सिन्हा, पारस देवांगन,प्रकाश निर्मलकर, मुकेश पांडेय, रिखी यादव, रामशरण पुरैना, बेदु निर्मलकर, भानु राजपूत, चोखेलाल साहू, एवं गरियाबंद के शिव सेना एवं हिन्दू समाज का समर्थन मिला।

# गुप्ता एकता मंच श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज समिति का महाकुंभ 20 अगस्त को विदिशा में

### पदाधिकारियों का होगा शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल-** गुप्ता एकता मंच श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज समिति का महाकुंभ इस बार मध्यप्रदेश के विदिशा में आयोजित होने जा रहा है।कार्यक्रम 20 अगस्त 2023 दिन रविवार को विदिशा के वृन्दावन वाटिका पैलेस के में आयोजित होगा।गुप्ता एकता मंच के मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष व्रज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्ता एकता मंच श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज समिति का महाकुंभ इस बार विदिशामे आयोजित होगा।जिसमे मुख्यातिथि के रूप में राजेश गुप्ता जबलपुर(संरक्षक गुप्ता एकता मंच,राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय अयोध्यावासी वैश्य समाज),राकेश गुप्ता सीहोर(संस्थापक गुप्ता एकता मंच)मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।वहीं उनके साथ योगेश गुप्ता




विदिशा,जितेंद्र गुप्ता विदिशा,शुभम गुप्ता पीपलखे?ा,जगदीश गुप्ता मंडीदीप,अशोक राजा गुप्ता,राजेश गुप्ता हर्रई,सन्तोष गुप्ता विदिशा,राजाराम गुप्ता तामिया,अमित मोनू गुप्ता हर्रई,प्रीतम गुप्ता विदिशा,मयूर गुप्ता सालचौका,उमेश गुप्ताविदिशा,अर्पित गुप्ता(ग्वालियर/भिण्ड)भी मौजूद रहेंगे।प्रदेशाध्यक्ष व्रज गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम 20 अगस्त 2023 को ठीक सुबह 10ः30 बजे शुरू होगा जिसके शुरुआत की क?ी में भगवान श्री रामचन्द्र जी की पूजा अर्चना,11ः00 बजे स्वल्पाहार,11ः45 पर मुख्य अतिथि एवम वरिष्ठ व युवा पदाधिकारियो का सम्मान समारोह,12ः30 बजे मुख्य अतिथि व प्रदेशाध्यक्ष का बौधिक सत्र कार्यक्रम,01ः15 पर सभी वरिष्ठ मुख्य अतिथि के समक्ष पदाधिकारियों का परिचय सत्र कार्यक्रम,दोपहर 02ः00 बजे शपथ ग्रहण समारोह,03ः00 बजे भोजन,शाम 04ः00 बजे चिंतन विषय एवम आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा व शाम 05ः00 बजे कार्यक्रम का समापन व आभार व्यक्त किया जाएगा।फिलहाल तो कार्यक्रम को लेकर जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं जिन्हे जल्द ही अंतिम रुप दिया जाएगा।

## ग्राम टांडा बरूड़ में हरि मुक्ति धाम परिसर पर नवीन शवदाह गृह का भुमि पुजन किया गया



**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**पुष्पांजली टुडे**

खरगोन ब्लाक की ग्राम पंचायत में हरि मुक्ति धाम परिसर में ग्राम पंचायत सरपंच रोशनी रूप कुमार कुमरावत के द्वारा नवीन शवदाह गृह का भुमि पुजन किया गया ग्राम की समस्त जनता एवं हरि मुक्ति धाम सेवा समिति के समकक्ष संपन्न हुआ सरपंच पति रूप कुमार कुमावत एवं सरपंच रोशनी रूप कुमार और हरि मुक्ति धाम सेवा समिति के सदस्यों के बिच चर्चा हुई एवं ग्राम की खुश हाली? उन्नति और समृद्धि एवं आगामी दिनों में ग्राम की व्यावस्थाओ संबंधित चर्चा करते हुए धन्यवाद दिया गया

### नगरपालिका अध्यक्ष एवं परिषद ने दो हितग्राहियों को कराया ग्रह प्रवेश



**दैनिक पुष्पाजली टुडे**

गोहद -नगर पालिका गोहद के अध्यक्ष मंजू जगदीश माहोर एवं परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक चार मे हितग्राही इरफान पुत्र सहयाद खान एवं राजू पुत्र रघुवीर के नव निर्मित प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश कराया इस अवसर पर दोनों हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास में प्रवेश करते हुए बताया कि हमारे लिए बहुत बड़ी खुशी का दिन है जहां हमें रहने के लिए आशियाना मिला है गरीबी के कारण मकान बनाने में परेशानी हो रही थी तभी शासन की योजना प्रधानमंत्री आवास मिलने से हमारी बहुत बड़ी मुश्किल आसान हो गई आज जब गृह प्रवेश किया तब अपने घर का मिलने की की बहुत बड़ी खुशी हुई गृह प्रवेश के दौरान पंडित बांके बिहारी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ गृह प्रवेश कराया

# पीएम आवास योजना में कराया गृह प्रवेश





**पुष्पांजली टूडे संवाददाता**
**मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर** नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद अध्यक्ष ने मंगलवार को आवास योजना के तहत अधिकारियों ने कराया गृह प्रवेश कराया प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मालनपुर नगर परिषद में 42 हितग्राहियों के ग्रह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन मालनपुर में किया गया नगर परिषद अध्यक्ष रायश्री मुकेश किरार एवं जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर गृह प्रवेश कराया वार्ड नंबर 7 और 8 के पास पार्षद कार्यक्रम में शामिल हुए नपा अध्यक्ष ने कहा कि पात हितग्राहियों को नगर परिषद की ओर से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है हमारा प्रयास है कि मालनपुर के नगर में एक भी घर कच्चा ना रहे ऐसी भावना रखते हुए मैं लोगों को सरकार द्वारा लाई जा रही योजनाओं का लाभ दिया जाएगा में हमेशा में तत्पर रहूंगी कार्यक्रम में नगर परिषद सी एम ओ मनोज कुमार शर्मा अनुसूचित जनजाति जिला उपाध्यक्ष मुकेश किरार नगर परिषद उपाध्यक्ष जितेंद्र उर्फ जीतू गुर्जर नगर परिषद की टीम नगर परिषद इंजीनियर प्रशांत सिंह, बृजेश सिंह किरार, कौशलेंद्र प्रजापति, मनीष कुशवाहा, मोहर सिंह, हरपाल सुमन, इमरान खान, एफजोन, खान अखिलेश तोमर, सूरज परमार ,आशीष तोमर,आदि कर्मचारी मौजूद रहे

# दतिया युवा गहोई सेना की बेबसाइड लांच व प्रतियोगिता में विजेता बच्चो को पुरस्कृत किया गया

### राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जानो प्रतियोगिता मे हंस वाहिनी स्कूल की भूमि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**उप संपादक संदीप प्रधान**

**दतिया।**युवा गहोई सेना दतिया द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के उपलक्ष्य में युवा गहोई सेना की बेबसाइड लांचिग व राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जानो प्रतियोगिता के 10 विजेता प्रतिभागियो का पुरस्कार विवरण कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी निखिल नगरिया व सयोजक आयुष गंधी के नेतृत्व मे गहोई सेना के कार्यालय पर किया गया तथा जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज सेठ जिला मलेरिया अधिकारी व विशिष्ट अतिथि राहुल गुप्ता पटवारी रहे जिसमे मुख्य रूप से दतिया के



लोकप्रिय समाजसेवी व युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी व जिलाध्यक्ष स्वप्रिल नीखरा व जिला संयोजक कौस्तुभ गेड़ा उपस्थित रहे व प्रतियोगिता मे दतिया जिला मे 10 बच्चो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन किया व जिसमे प्रथम स्थान भूमि दांगी, दूसरा स्थान खुशी सूर्यवंशी व तीसरा स्थान कान्हा मिश्रा प्राप्त किया व आंनद राजपूत,आयुष कोली,कुनाल भारती,वंदना कुशवाहा,कनिष्ठ अग्रवाल,प्रीति शर्मा व धैर्या मोरयनी ने दसवां स्थान प्राप्त किया सभी विजेता प्रतिभागियो का अतिथियो व सदस्यों द्वारा श्री राधे की पटाका व माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह उपहार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया व अतिथियो ने गहोई सेना की बेवसाइड लांचिग कर सदस्य ग्रहण की जिसमे युवाओ,व छात्र छात्रो ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया था जिसमे लगभग 1040 छात्र छात्रो ने भाग लिया था व समाजसेवी अभय गुप्ता नेताजी ने सभी शिक्षण संस्थाओ व छात्र छात्राओं व अतिथियो का आभार प्रकट किया व इस अवसर पर अमन मलैया,अमन नगरिया,करण गुप्ता,मुदित गुप्ता,अभिनव गुप्ता,सुमित,वाशु गुप्ता,शुभ गुप्ता व छात्र छात्राएं व बड़ी संख्या मे युवा उपस्थित रहे!

# ग्राम कोठा खुर्द में शिक्षक का बिदाई समारोह एक मिशाल बन गया

**खरगोन जिले**
**मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

ब्लाक गोंगांवा के कोठा खुर्द में एक शिक्षक का बिदाई समारोह एक मिशाल कायम करते हुए जनता बच्चों ने अपने शिक्षक का बिदाई समारोह इस प्रकार किया गया जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया शा मा वि कोठा खुर्द के शिक्षक मंडलोई का विदाई समारोह किया गयाटांडा बरूड़ ग्राम कोठा खुर्द के शासकीय माध्यमिक विद्यालय कोठा खुर्द में सेवानिवृत्ति होने पर शिक्षक श्री भोलुसिंह मंडलोई , महेश चिचे को सर्वप्रथम प्रधान पाठक शमशेर सिंह मंडलोई शिक्षक स्टाफ कमल सागोरे , सचिन



जाधव, विजय निहाले , बिलरसिह खर्त ,चेतन पाटनकर, कालुराम भालसे, रालई आर्स , ने विदाई दी विदाई समारोह में उन्हें शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर सरपंच भारत चौहान, उपसरपंच त्रिलोक संतोष जायसवाल, नत्थू पाटील, समस्त शिक्षक स्टाफ एवं छात्र छात्राएं, आदि इस अवसर पर श्री मंडलोई ने स्व सहायता समूह मध्यान भोजन बनाने वाली की महिलाओं का साड़ी देकर सम्मानित किया गया इस विधाई समारोह में विशेष रूप से अपने शिक्षक को घोड़े पर बिठा कर बैंड-बाजे के साथ पुरे गांव में घूमने के बाद विदाई दी उक्त जानकारी प्रदान पाठक श्री मंडलोई ने दी

# पौधे रोपित करके देश को हरा भरा करना भी राष्ट्रवाद है।



**पुष्पांजलि टुडे खरगौन से**
**मुन्ना खान की खबर**

**खरगोन** - विद्युत नगर के निकट डाबरिया स्तिथ माली समाज के प्रांगण में नीम आंवला बरगद सीताफल अमरूद आदि किस्म के एक सौ से भी अधिक पौधे भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा रोपित किए गए।ब्रांच का लक्ष्य है दो हजार से भी ज्यादा पौधे रोपित करना और पूरे भारतवर्ष में दो करोड़ से भी ज्यादा पौधे लगाकर देश को हरा भरा करना यही निगम का मुख्य उद्देश्य है।इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर नितिन सांगलिकर, असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर पंकज पुनासे, कर्मचारी जितेंद्र भावसार, राजेश मास्कावत इंद्र चौहान, मानवाधिकार सुरक्षा संघ के जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले अभिकर्ता बंधुओं में दयाराम आलीवाल,आत्माराम यादव, हेमंत कुमरावत,राधेश्याम रोकड़े और माली समाज से बाबुलाल राठौड़ आदि उपस्थित समुदाय ने वृषरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# बोरेश्वर धाम पर लगे बोर्ड की असमाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ करने के विरोध में करणी सेना ने ज्ञापन सौंपा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिले की अटेर विधानसभा क्षेत्र में भदावर शासकों द्वारा स्थापित बोरेश्वर धाम पर पुरातत्व विभाग द्वारा लगाए गये बोर्ड पर असमाजिक तत्वों के द्वारा छेड़छाड़ कर गुर्जर लिख दिया गया था जिसके विरोध में करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया ने फूप थाने पहुंच कर उक्त आरोपी पर 24 घंटे के अंदर उचित कार्यवाही करने के लिए थाना प्रभारी फूप को आवेदन दिया। इस मौके राहुल सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष सुरज सिंह,हरी भदौरिया



पर प्रदेशाध्यक्ष संतोष भदौरिया के साथ प्रदेश संगठन मंत्री आकाश सिंह अंशु, प्रमुख सलाहकार मोनी सिंह,प्रदेश मंत्री राहुल सिंह,कोषाध्यक्ष कल्लू सिंह, जिलाध्यक्ष हरी भदौरिया,फूप नगर अध्यक्ष किशुपुरा,रोकी भवनपुरा,उजाला सिंह सहित सैकड़ों करणी सेना के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नालासोपारा नवयुवक मंडल व महिला मंडल के श्रद्धालुओं ने उज्जैन में किए आईमाता के दर्शन

**पुष्पाजंली टुडे**
**/नारायणलाल सेंणचा**

**उज्जैन।**नालासोपारा सिरवी



नवयुवक मंडल और महिला मंडल सहित कुल 107 सदस्यों ने श्रावण महीने में 30/07/23 से 2/8/23 तक महाकाल उज्जैन तीर्थ दर्शन के लिए आये थे जिसमे योगमया आईमाता मन्दिर ,महाकाल का दर्शन , कॉरिडोर , शाही सवारी , सनीपति , मंगलनाथ मंदिर , कालीकागढ़ मंदिर , कालभेरु दर्शन , ओंकारेश्वर मंदिर , आईमाता मंदिर ओंकारेश्वर और, महेश्वर में नर्मदामाया , अहिला बाई कलिा , धर्मगुरु श्री दीवान साहब हरिदासजी की समादी के शांति पूर्ण दर्शन किये उज्जैन योगमाया ट्रस्ट के अध्यक्ष रामलाल सैणचा और उनकी पूरी कार्यकारणी ने और ओंकारेश्वर के योगमया मंदिर के अध्यक्ष केशरसिंह हाम्बड और उनकी पूरी कार्यकारणी ने भोजन प्रसाद और ठहरने की बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई। नालासोपारा की सस्था की और योगमाया मंदिर के सभी पदाधिकारियों को बहुत बहुत धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया। नालासोपारा वडेर के अध्यक्ष सोहनलाल वरपा ने नालासोपारा के सभी मेंबेरो को धन्यवाद दिया । उन्होनें कहा कि सबके सहयोग से ये तीर्थ यात्रा दर्शन का प्रोग्राम सफलता पूर्ण संपन्न हुआ ।

### पाली सांसद चौधरी ने की रेल मंत्री से मुलाकात

# वंदे भारत की सौगात के लिए जताया आभार, विभिन्न ट्रेन ठहरावों की रखी मांग, बिलाड़ा-रास नई रेल लाइन को जल्द आरंम्भ करने का किया आग्रह

**पुष्पाजंली टुडे**

**नई दिल्ली** / जोधपुर/पाली सांसद पीपी चौधरी ने बुधवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकत की। इस दौरान उन्होंने वंदे भारत ट्रेन, अमृत योजना में 6 स्टेशनों को शामिल करने और विश्वस्तरीय तर्ज पर पाली-मारवाड़ रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण हेतु 320 करोड़ की सौगात देने के लिए अपना आभार जताया। वहीं संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेल मांगों की ओर पत्रों के माध्यम से ध्यान आकृष्ट करवाया। सांसद चौधरी ने पाली एवं जोधपुर जिले की आमजन के हित से जुड़ी बहुप्रतीक्षित और आवश्यक यात्री ट्रेनों के ठहराव का पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने पाली जिले के सोजत रोड़ रेलवे स्टेशन पर साबरमती-इंटरसिटी एक्सप्रेस, जवाली व नाणा पर रणकपुर एक्सप्रेस व जोधपुर-बेंगलूरू एक्सप्रेस, मारवाड़ जंक्शन पर स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस, मोरी पर अरावली एक्सप्रेस, जवाई बांध पर गरीब रथ एक्सप्रेस व अहमदाबाद-जम्मू तवी एक्सप्रेस, सोमेसर पर जोधपुर-बेंगलूरू एक्सप्रेस, रानी पर आगरा फोर्ट-साबरमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस व भगत की कोठी-पुणे एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। वहीं जोधपुर जिले के तिंवरी रेलवे स्टेशन पर रानीखेत एक्सप्रेस, जम्मू तवी-जैसलमेर व जैसलमेर-साबरमती एक्सप्रेस, औसियां व मथानियां पर पर जम्मू तवी-जैसलमेर, भावनगर टर्मिनस-उधमपुर जन्मभूमि एक्सप्रेस, पीपाड़ रोड़ पर रणथम्भोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस व दिल्ली सराय रोहिला



और उम्मेद रेलवे स्टेशन पर जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस व जोधपुर-भटिंडा एक्सप्रेस ट्रेनों के स्थानीय निवासयों के हित में ठहराव की पूरजोर मांग रखी। मुलाकात में सासंद चौधरी ने रेल मंत्री के समक्ष बगड़ी क्षेत्रवासियों की ब्रोडगेज व डीएफसी रेल पथ के आरंभ होने के बाद उत्पन्न कठिनाईयों को रखा। उन्होंने बताया कि रेलवे द्वारा इस क्षेत्र में आरयूबी का निर्माण किया गया है। तकनीकी कमियों के कारण वर्षा के मौसम में आरयूबी जल भराव में डूबा रहता है। क्षेत्रवासियों को आवागमन की बड़ी कठिनाईयों को सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के गंभीर बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने दूसरा लंबा रास्ता लेना पड़ता है जिससे मरीज के जीवन पर संकट आ खड़ा होता है। वहीं ब्रोडगेज आरंभ होने के बाद और क्षेत्र के स्टेशन के नवीनीकरण के बाद स्टेशन हेतु जाने के लिए सड़क बनाई है, वो यात्रियों की आवागमन की दृष्टि से उचित नहीं है। नई सड़क निर्माण करवाए जाने का रेलवे अधिकारियों की ओर कई बार भरोसा दिया गया, लेकिन आज तक निर्माण नहीं हुआ है। इसके अलावा ब्रोडगेज निर्माण के दौरान बगड़ी गांव को एनएच-162 से जोड़ने वाली सीसी रपट को भी तोड़ दिया गया। उसका भी निर्माण अभी तक नहीं हुआ, इसके कारण गांवों के लोगों को आवागमन काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सांसद चौधरी द्वारा रखी समस्याओं पर रेलमंत्री ने मंत्रालय के अधिकारियों को निस्तारण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। बिलाड़ा-रास नई रेल लाइन को जल्द आरंम्भ करने का किया आग्रह। सांसद चौधरी ने लोकसभा क्षेत्र से जुड़ी अति-महत्वपूर्ण बिलाड़ा-रास नई रेल लाइन की ओर भी रेल मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि इस नवीन रेल लाइन से बिलाड़ा, जैतारण, निम्बोल और रास क्षेत्र का विकास जुड़ा हुआ है। इस परियोजना के जल्द पूर्ण होने से यहां के लाईम स्टोन, सीमेंट, हैण्डीक्राफ्ट आदि उद्योगों को नया जीवनदान मिलेगा तो वहीं असंख्य लोगों को सुदूर क्षेत्रों के लिए आवागमन का सस्ता एवं सुलभ साधन उपलब्ध होगा। वार्ता के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट आ चुकी है एवं रेलवे बोर्ड उनका परीक्षण कर रहा है। शीघ्र ही इस बारे में आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सांसद चौधरी के सभी विषयों पर सकारात्मक रूप से कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## पुनीत राजकुमार कप का हुआ आयोजन



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** अप्पू क्रिकेटर्स द्वारा जिन्के पार्क स्थित खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता पुनीत राजकुमार कप का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने संबोधन में कहा जो खेलता है वह खिलता है एवं जो फिट रहता है वह जीवन के हर क्षेत्र में हिट रहता है खेलकूद से शारीरिक मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास होता है आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया

## डीएम एवं एडीएम ने मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव,अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री द्वारा मतदाता जागरूकता वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। भिण्ड जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जागरूकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा तथा ईव्हीएम,व्हीव्हीपीएटी से मतदान करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# पत्रकार मानते हैं उनके संस्थान भाजपा भोपू

**मीडियाः आधे से अधिक पत्रकार मीडिया की नौकरियों को पूरी तरह से छोड़ने और कुछ और करने पर विचार करते हुए।**

देश के पत्रकारों पर किया गया लोकनीति-सीएसडीएस सर्वे बताता है कि सर्वेक्षण में शामिल आधे से अधिक पत्रकार अपनी मीडिया की नौकरियों को पूरी तरह छोड़कर कुछ और करने के बारे में सोच रहे हैं। अंग्रेजी समाचार प्लेटफॉर्म में काम करने वाले 80 फीसदी पत्रकारों ने यह भी कहा कि समाचार मीडिया संगठन आमतौर पर भाजपा का पक्ष लेते हैं।

भारतीय मीडिया पर किए गए सर्वेक्षण की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि सर्वेक्षण में शामिल हुए आधे से अधिक पत्रकारों का कहना है कि वे राजनीतिक झुकाव के कारण अपनी नौकरी खोने को लेकर विभिन्न स्तर की चिंता से गुजर रहे हैं।

लोकनीति और सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के इस सर्वे में शामिल कम से कम 16 प्रतिशत पत्रकारों ने कहा कि उनके संस्थान में लोगों को राजनीतिक झुकाव के कारण पद छोड़ने के लिए कहा गया।'इंडियन मीडियाः ट्रेंड्स एंड पैटर्न्स' शीर्षक वाले अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों में से एक यह था कि सर्वे में शामिल 82 फीसदी पत्रकारों ने जवाब दिया कि उनका मीडिया संगठन सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करता है।

जब केवल स्वतंत्र पत्रकारों की राय पर विचार किया गया तो भाजपा का समर्थन करने वाले समाचार संगठनों की यह संख्या बढ़कर 89 फीसदी हो गई। अंग्रेजी समाचार प्लेटफॉर्म में काम करने वाले 80 फीसदी पत्रकारों ने यह भी कहा कि समाचार मीडिया संगठन आमतौर पर भाजपा का पक्ष लेते हैं।

अंग्रेजी भाषा के आधे से अधिक पत्रकारों ने अपने राजनीतिक विचारों के आधार पर कार्यस्थल पर भेदभाव का अनुभव करने की बात कही।



सर्वेक्षण में शामिल प्रत्येक पांच स्वतंत्र पत्रकारों में से चार (82 प्रतिशत) ने कहा कि जब कवरेज की बात आती है तो आज न्यूज मीडिया कुछ राजनीतिक दलों का पक्ष लेता है। वहीं, समाचार संगठन के लिए काम करने वाले 70 फीसदी पत्रकारों ने यही बात कही, जिसमें 74 फीसदी वरिष्ठ पत्रकारों का कहना था कि केवल एक राजनीतिक दल का पक्ष लिया जाता है।

हिंदी पत्रकारों (64 प्रतिशत) की तुलना में ऐसे अंग्रेजी पत्रकारों (81 प्रतिशत) की संख्या अधिक थी, जो मानते हैं कि न्यूज मीडिया एक विशेष पार्टी का पक्ष ले रहा है।

निष्कर्षों में कहा गया है कि पत्रकार, विशेष रूप से अंग्रेजी मीडिया में काम करने वाले, 'प्रेस की स्वतंत्रता (प्रेस फ्रीडम)' में कमी को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने समाचार चैनलों (88 प्रतिशत), समाचार पत्रों (66 प्रतिशत) और ऑनलाइन/डिजिटल प्लेटफॉर्मों (46 प्रतिशत) की स्वतंत्रता में उल्लेखनीय कमी महसूस की है।

### लिंग

लोकनीति-सीएसडीएस के निष्कर्ष देश भर के भारतीय पत्रकारों के बीच एक ऑनलाइन सर्वेक्षण पर आधारित हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि कई पत्रकारों से संपर्क किया गया, लेकिन 206 ही सर्वे में भाग लेने के लिए सहमत हुए। उनमें से 75 फीसदी पुरुष थे और 25 फीसदी महिलाएं थीं। अधिकांश वरिष्ठ स्तर के पत्रकार हैं और मीडिया संगठनों में वेतनभोगी कर्मचारी हैं।

स्वाभाविक रूप से, महिला पत्रकारों के एक बड़े हिस्से ने अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में लैंगिक भेदभाव का अनुभव किया है।अध्ययन में पाया गया है कि सर्वेक्षण में शामिल एक तिहाई भारतीय पत्रकारों ने इंटरनेट और सोशल मीडिया पर साझा की गई गलत या फर्जी सूचना से कई बार गुमराह होने की बात स्वीकार की है।

जब उनसे पूछा गया कि ऐसा कितनी बार हुआ कि उन्हें किसी सोशल मीडिया साइट या वॉट्सऐप के माध्यम से इंटरनेट पर साझा की गई ऐसी सूचना या समाचार से गुमराह किया गया जो गलत या फर्जी थी, तो 15 फीसदी ने कहा कि ऐसा अक्सर होता है और 33 फीसदी ने कहा कि ऐसा कुछ बार ही हुआ है।

*(शेष बॉलीवुड पेज पर)*

## समाचार विश्लेषण : सीपैक कॉरिडोर यानी पाकिस्तान पर चीनी शिकंजा

पाकिस्तान के लिए सीपेक आसान नहीं रहा है। राजनीतिक उथल-पुथल और आतंकवादी हमलों का डर सीपेक के लिए हमेशा एक चुनौती बना रहा है। इस चुनौती में पाकिस्तान की बिगड़ती अर्थव्यवस्था एक और पहलू बन गई है, जिस कारण पाकिस्तान को वित्तीय मुश्किल हो रही है।

चीन के उप प्रधानमंत्री ही लीफेंग रविवार को पाकिस्तान पहुंचे। वह चीन और पाकिस्तान की साझा परियोजना सीपेक के दस साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए इस्लामाबाद में हैं। चीन-पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर (सीपेक) के दस साल पूरे हो गए हैं। 2013 में शुरू हुई यह परियोजना पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लिए तो अहम है ही, चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गई है। इस परियोजना के तहत चीन ने पाकिस्तान में दसियों अरब डॉलर का निवेश किया है और विशाल ट्रांसपोर्ट, ऊर्जा व ढांचागत प्रोजेक्ट चलाए हैं।

पाकिस्तान के लिए सीपेक आसान नहीं रहा है। एक तो राजनीतिक उथल-पुथल और उस पर आतंकवादी हमलों का डर सीपेक के लिए हमेशा एक चुनौती बना रहा है। इस चुनौती में पाकिस्तान की बिगड़ती अर्थव्यवस्था एक और पहलू बन गई है, जिसके कारण इस्लामाबाद को अपने हिस्से की वित्तीय जिम्मेदारियां उठाने में मुश्किल हो रही है।इस्लामाबाद के कॉमसैट्स विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंध पढ़ाने वाले एसिस्टेंट प्रोफेसर अजीम खालिद कहते हैं- ?एक दशक में सीपेक के नतीजे मिश्रित रहे हैं। चीन का प्राथमिक मकसद था अरब सागर से उसका सीधा संपर्क, जो अब भी कमोबेश पूरा नहीं हो पाया है। दूसरी तरफ, अपने कम अवधि के लक्ष्यों की पूर्ति में पाकिस्तान ने खासी तरक्की की है।"

हाल के सालों में चीन पाकिस्तान के सबसे भरोसेमंद विदेशी साझीदारों में से एक रहा है। उसने मुश्किल आर्थिक हालत में पाकिस्तान की काफी मदद की है। पिछले हफ्ते उसने पाकिस्तान को 2.4 अरब डॉलर का कर्ज दिया, जो दिवालिया होने के कगार पर खड़े पाकिस्तान के लिए बड़ी राहत है। पिछले साल आईएमएफ ने एक रिपोर्ट में कहा था कि पाकिस्तान के कुल कर्ज का 30 फीसदी चीन के सरकारी और निजी बैंकों से ही आया है। भारत के इन दोनों पड़ोसियों की 596 किलोमीटर लंबी सीमा एक-दूसरे से लगती है और यह सियाचिन से लेकर कराकोरम तक फैली हुई है। पाकिस्तानी राजनेता अक्सर चीन के साथ अपने रिश्तों को 'हिमालय से मजबूत, समंदर से गहरे और शहद से मीठे' बताते हैं। हालांकि सीपेक को लेकर इन रिश्तों में बीते सालों में तनाव भी रहा है।

सीपेक के रूप में चीन को हिंद महासागर तक सीधी पहुंच मिलती है। लेकिन वहां काम करने वाले उसके नागरिकों की सुरक्षा एक बड़ा मसला रहा है। परियोजना के आसपास लगातार आतंकवादी हमले हुए हैं जिनमें बड़ी संख्या में चीनी नागरिक भी मारे गये हैं। रविवार को ही एक राजनीतिक दल की सभा में हुए आत्मघाती बम हमले में 44 लोगों की जान चली गई। यह हमला उसी उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हुआ, जहां सीपेक की कई परियोजनाएं चल रही हैं।

सीपेक कॉरिडोर चीन के पश्चिमी इलाके शिनजियांग को पाकिस्तान के बालोचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता है। लेकिन उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि इन परियोजनाओं का उन्हें कोई फायदा नहीं हो रहा है। बालोच अलगाववादी दावा करते हैं कि चीन के हितों की सुरक्षा के लिए हजारों पाकिस्तानी फौजी उनके खिलाफ तैनात किए गए हैं।

## हद पार करता उन्माद

दरअसल, समस्या यही है कि देश में बना मौजूदा माहौल कानून-व्यवस्था की इक्का-दुक्का समस्याओं का परिणाम नहीं है, बल्कि उसके पीछे एक राजनीतिक मकसद के संकेत आसानी से ढूंढे जा सकते हैं।

*यह इतिहास-सिद्ध समझ है कि अगर किसी देश या समाज को उन्माद में उलझा दिया जाए, तो फिर उसे किसी दुश्मन की जरूरत नहीं रह जाती है। जब लोगों का एक बड़ा हिस्सा हर पल हिंसक सोच में उलझा रहे और उनमें से कुछ गाहे-बगाहे असल में हिंसा करने पर उतर आएं, तो जो माहौल बनता है, उसके बीच शांति, प्रगति, विकास आदि जैसी बातों के लिए कोई गुंजाइश नहीं बचती। दुर्भाग्य से भारत उसी दौर में प्रवेश करता दिख रहा है। उससे भी बड़े दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन लोगों को देश की जनता ने राजकाज चलाने का दायित्व सौंपा है, वे ऐसी घटनाओं की निंदा करना तो दूर, कई बार उसे स्वीकृति प्रदान करते नजर आते हैं। उसका ही नतीजा जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई अत्यंत दुखद घटना है। देश में कुछ 'पाकिस्तान से संचालित होते हैं' और अगर यहां रहना है, तो किन्हीं खास नेताओं को ही वोट देना होगा, अगर ये बातें गोलियां दाग कर कही जाने लगें, तो फिर यही कहा जाएगा कि नफरत का उन्माद हद पार करने लगा है।*

*अधिक दुखद यह है कि ऐसी भावनाएं सुरक्षाकर्मियों में प्रवेश करने लगी हैं, जिन पर देश में शांति और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा की बड़ी जिम्मेदारी है। जिस रोज यह घटना हुई, उसी दिन हरियाणा के नूह में एक धार्मिक यात्रा निकाल रहे लोगों की इस जिद से दंगा भड़क गया कि दूसरे समुदाय के लोग उनका स्वागत करें। इसके एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश के बरेली में एक अन्य धार्मिक यात्रा में शामिल लोगों ने दूसरे धर्म के पवित्र स्थल के सामने से गुजरने की जिद की, तो वहां जिन पुलिस अधिकारी ने अपना कर्त्तव्य निभाया, दंडित करते हुए उनका ही तबादला कर दिया गया। यह सब उस समय हो रहा है, जब मणिपुर में नस्लीय विभाजन गृह युद्ध जैसी स्थिति बना चुका है। वहां जो हुआ, उसके पीछे राजनीतिक परियोजना के संकेत ढूंढना कठिन नहीं है।*

अपनी बात
संपादकीय

## यह तो बेरहमी है

महंगाई के इस दौर में जब आम परिवारों की वास्तविक पहले से घट रही है, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को इस टैक्स का बोझ भी उठाना होगा। इसलिए सरकार को हॉस्टल/पीजी कमरों पर लगे टैक्स से जुड़े तमाम पहलुओं पर तुरंत पुर्विचार करना चाहिए।

*जिस देश में उच्चतर शिक्षा पहले से समस्याग्रस्त स्थिति में हो, वहां आम छात्रों के लिए उसे महंगा बनाना किस रूप में तार्किक नीति हो सकती है, इसे समझना कठिन है। हाल में कई विश्वविद्यालयों में फीस में हुई भारी बढ़ोतरी के बाद अब खबर है कि हॉस्टलों और पीजी कमरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी भी लगा दिया गया है। महंगाई के इस दौर में जब आम परिवारों की वास्तविक पहले से घट रही है, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को इस टैक्स का बोझ भी उठाना होगा। इसलिए सरकार को इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर तुरंत विचार करना चाहिए। वरना, यह कर लगाना एक तरह की बेरहमी समझा जाएगा। सरकार कह सकती है कि यह निर्णय जीएसटी काउंसिल के अथॉरिटी ऑफ एडवांस्ड रूलिंग (एएआर) ने दिया है। उसकी दो अलग-अलग बेंचों ने इस मामले में एक जैसे फैसले दिए हैं। इसके तहत नया टैक्स प्रभावी हुआ है। तो अब किसी हॉस्टल या पीजी (पेइंग गेस्ट) कमरे का किराया अगर 10 हजार रुपये था, तो अब यह 11,200 रुपये हो जाएगा। जिन दो मामलों में ये फैसले आए, उनमें एक बेंगलुरु बेंच का है।*

*एक याचिका में बेंच से महिलाओं के लिए हॉस्टल और पीजी सेवायें चलाने वाली एक कंपनी ने अपील की थी कि निजी हॉस्टलों को आवासीय परिसरों की ही श्रेणी में डाला जाए और उन पर जीएसटी ना लगाया जाए। आवासीय परिसर को किराए पर देने पर उन पर जीएसटी नहीं लगता है। बेंगलुरु एएआर ने अपने फैसले में कहा कि हॉस्टल और पीजी कमरों को आवासीय परिसर नहीं माना जा सकता, क्योंकि वहां अपरिचित लोग एक साथ रहते हैं और हर महीने प्रति बिस्तर के आधार पर बिल बनाए जाते हैं। इसी तरह हॉस्टल चलाने वाली नोएडा स्थित एक कंपनी ने लखनऊ एएआर से कहा था कि वो आवासीय सेवाएं देती है, इसलिए उससे जीएसटी नहीं वसूला जाए। लेकिन इस मामले में भी एएआर इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। लेकिन इन फैसलों का सीधा असर हॉस्टलों और पीजी कमरों में रहने वाले छात्रों पर पड़ेगा। क्या इसे शिक्षा को हतोत्साहित करने वाला निर्णय नहीं माना जाना चाहिए?*

## जबेरा विधानसभा सम्मेलन में उमड़ा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब








पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** संपूर्ण मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विधानसभा स्तर पर आयोजित किए जा रहे है कार्यकर्ता सम्मेलन। इसी कड़ी में दमोह जिले की सबसे बड़ी विधानसभा जबेरा का आयोजन कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा में किया गया। इस कार्यक्रम में हर बूथ स्तर से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।कार्यक्रम का आयोजन जबेरा से विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में संपन्न हुआ एवं विधानसभा संयोजक रूपेश सेन के द्वारा कार्यक्रम में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी का ध्वज पर आकर एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया जबेरा विधायक ने कार्यकर्ताओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत वंदन किया। जबेरा धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय पार्टी है एवं राष्ट्र धर्म को लेकर चलने वाली पार्टी है कांग्रेस पार्टी सिर्फ परिवारवाद की पार्टी है भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को बड़ा बना देती है जब हम भाजपा में महामंत्री थे तभी पार्टी की नजर मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर पड़ी और मुझे जबेरा विधानसभा से टिकट दिया और आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत क्षेत्रवासियों वासियों के आशीर्वाद से में विधायक बना।भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वर्षों से चले आ रहे अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य किया। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का कार्य किया।भारतीय जनता पार्टी ने जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न योजनाएं चलाई प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल जल योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना, खाद्यान्न वितरण, संबल कार्ड, मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, सहित अनेक योजनाएं भारतीय जनता पार्टी की सरकार में चलाए जा रहे हैं इन योजनाओं को बारी-बारी से गिनाऊंगा तो गिना नहीं पाऊंगा इतनी सारी योजनाएं गरीब के हित में चलाई जा रही हैं। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री दशरथ सिंह, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, विस्तारक राजेंद्र करौलया, कमल सिंघई, नर्मदा प्रसाद राय, दीपक उपाध्याय ,खिलान सिंह, सुमन उपाध्याय, अनीता सिंह, रश्मि साहू, अरविंद जूदेव, पूर्व शिक्षक भावसिंह लोधी, सत्येंद्र सिंह, मूरत सिंह, राजा भैया, खड़क सिंह आदिवासी, हाकम सिंह,सुरेश जैन, गोविंद यादव, सचिन जैन, भारत सिंह, शीतल राय, राजेश जैन, सतपाल सिंह, शुभम जैन, रिंकू जैन,महेश यादव, भूपेश गंधर्व,बंटी दुबे, संग्राम सिंह सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर परिसर में रूद्राभिषेक प्रारम्भ हुआ

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर परिसर बांदकपुर मे एकादश दिवसीय लघुरूद्रात्मक रूद्राभिषेक प्रारम्भ हुआ मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने बताया कि विश्वकल्यार्थ मंदिर ट्रस्ट की ओर से ग्यारह दिवसीय यह आयोजन कराया जा रहा है जिसमें भगवान भोलेनाथ का नित्य दूध दही घी शक्कर शहद गंगाजल नर्मदाजल एवं सभी पवित्र नदियों के जल से अभिषेक होगा मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक मंदिर के पुजारी संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थीयो के द्वारा मंत्रोच्चार से प्रथम दिवस रूद्राभिषेक सम्पन्न हुआ।



## धनीराम अहिरवार मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील दमोह के अध्यक्ष चुने गए

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** दमोह तहसील के सभागार में दमोह तहसील के पटवारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी की आपसी सहमति से श्री धनीराम अहिरवार जी को मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील शाखा दमोह का अध्यक्ष चुना गया। मौके पर दमोह तहसील के सभी पटवारी श्री प्रेमनारायण मिश्रा, दीपक श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह, संतोष सींग, शरद श्रीवास्तव, किशोर सींग, सूरज पाठक, संजीव गोस्वामी, हरिओम सोनी, उमाकांत अग्रवाल, सुनील पटेल, नीलेश गर्ग, लीतेश भालेकर, बृजेश विश्वकर्मा, संदीप यादव, विनोद सिंह ठाकुर, सुशील पटेल, रवि अहिरवार, दीपक राव, जीवनलाल साहू, जयशंकर अठया, आशीष साहू, पूर्णिमा मिश्रा, रेशू ब?कुल, प्रदीप मिश्रा, सुमित, रामशंकर, देवेंद्र, शैलेंद्र ठाकुर, शुभम, दिनेश यादव, अपूर्वा जैन, मनीष सिंह, अंकित अवस्थी, स्वलेहा खान, विवेक सिंह, बृजेश अहिरवार, तिलक यादव, जयराम पटेल, प्रीति पाराशर, प्रियंका जैन द्वारा श्री धनीराम अहिरवार को सभी कर्मचारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की। अंत में सभी राजस्व निरीक्षक साहबान एवं पटवारियों ने नवागत एसडीएम श्री राजललन बागरी, नवागत नायब तहसीलदार सुश्री सोनम पाण्डेय, श्री रघुनंदन चतुर्वेदी का तहसील सभागार में स्वागत किया।



## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने किया जेहादी मानसिकता आतंकवाद का पुतला दहन

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा हरियाणा के मेवात नूह मैं प्रतिवर्ष निकाली जाती है ब्रज यात्रा



पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** बजरंग दल विभाग संयोजक पवन रजक ने बताया की हरियाणा के मेवात नूह में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा ब्रज यात्रा निकाली जा रही थी जिसमें 20 से 25 हजार लोग थे। यात्रा की संपूर्ण जानकारी प्रशासन को दी गई थी यात्रा जैसे ही मुस्लिम इलाके में पहुंची और वहां से पत्थर गोली पेट्रोल बम के गोले जिहादियों ने फेंकना चालू कर दिया शासन-प्रशासन इन अपराधियों पर गंभीरता से कार्रवाई करें अन्यथा बजरंग दल हर तरीके से जवाब देने में सक्षम है।जिला मंत्री कौशलेंद्र पांडे ने बताया की हरियाणा जैसी घटनाओं काम हिंदू समाज प्रतिकार करेगा अब हिंदू समाज ऐसी घटनाओं को सहन नहीं करेगा।जिला संयोजक शंभू विश्वकर्मा ने बताया परंपरागत यात्रा संगठन द्वारा निकाली जा रही थी जिहादियों ने इस पर हमला कर 2 होमगार्ड के जवान एवं 3 हिंदू समाज के व्यक्तियों की निर्मम हत्या कर दी संगठन ने सरकार से मृतक परिवार के लोगों को 1-1 करोड़ की सहायता राशि की मांग की है जिहादियों द्वारा निरंतर हिंदू समाज की धार्मिक यात्राओं पर हमले किए जा रहे हैं जो अब बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे हम केवल सरकार के आश्चर्य नहीं रह सकते आत्मरक्षा का अधिकार सभी को है और हम अपनी आत्मरक्षा में कुछ भी करेंगे इसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी।कार्यक्रम में उपस्थित रहे श्री राम पटेल विभाग मंत्री नरेंद्र जैन जिला अध्यक्ष अजय खत्री जिला मंत्री कौशलेंद्र पांडे जिला उपाध्यक्ष शारदा पटेल सुधीर पांडे सहसंयोजक रजित जैन ,जिला सुरक्षा प्रमुख कलू ठाकुर , गोलू चौबे, आशीष पांडे दयाराम कुर्मी दीपक शर्मा केशव राठौर नगर संयोजक अनुराग यादव नगर मंत्री कन्हैया पटेल ,राम मिश्रा, मनीष अग्रवाल, नीरज असाटी, निखिल राजपूत, सौरव यादव ,सुधांशु खरे, कुलदीप शर्मा,धर्म प्रसार नगर संयोजक पंकज तिवारी,सुरेन्द्र राय,महेंद्र राठौर ,राहुल यादव,दिनेश कर्ण ,अंशुल यादव,मनोज रैकवार,राजकुमार सेन,नीलेश यादव, प्रदीप परिहार ,आयुष अग्रवाल ,आदर्श मिश्रा, रुपेश कुचबंदिया , अभय रजक,अजय चौरसिया ,दीपक लखेरा बहादुर राजपूत ,नरेश ,दिनेश खटीक राजेश पटेरिया, नवीन उपाध्याय छोटू दुबे आदित्य कुमार शुभम यादव कुलदीप राजपूत, मनीष चौधरी प्रदीप महेश्वर दुबे ,राम राठौर ,अर्जुन वर्मा, मोनू ठाकुर अर्पित सिंह डालचंद पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जन जागरुकता मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर कर्नल ने रवाना किया

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में दिनांक 01 अगस्त से 15 अगस्त 2023 तक के लिए महिलाओं एवम बच्चो के विरुद्ध होने वाले अपराधो के संबंध में जागरूकता के लिए विशेष जागरूकता अभियान मैं हूं अभिमन्यु द्वितीय का शुभारंभ जिला भिंड में किया गया , इस क्रम में दिनांक 02/08/2023 को अभियान के दूसरे दिन कर्नल जगदीश राव कमांडेंट 30 एम पी बटालियन द्वारा जन जागरुकता मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया,एव पुलिस के अधिकारी कर्मचारी,एनएसएस के छात्र एवम छात्राओं,एनसीसी कैडेट्स,एव स्कूल के बच्चो द्वारा मिनी मैराथन में भाग लिया गया। मिनी मैराथन की शुरुआत इटावा चुंगी से कर एमजेएस कॉलेज के सामने रेस्ट हाउस



पर कुल 3 किलोमीटर पर समाप्त की गई, महिला एव पुरुष वर्ग में प्रथम , द्वितीय , तृतीय आए बच्चो को 15 अगस्त के दिन पुरुस्कृत किया जायेगा। मैराथन समाप्ति के बाद, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा जिला भिंड श्रीमती पूनम थापा शर्मा द्वारा अभियान का मूल उद्देश्य बताया गया, शपथ दिलवाई गई,बालक बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधो, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा,भ्रूण हत्या जैसे अपराधो एवम ऐसे अपराधो की रोकथाम हेतु बने कानूनों के बारे समझाया,महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, डायल 100,चाइल्ड लाइन नम्बर 1098 आदि का प्रचार प्रसार किया,एवम साथ ही अभियान के दौरान जारी किए गए स्टिकर्स,पोस्टर्स ,वितरित किए गए उनको सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाए गए, एव सभी को आसपास घटित होने वाले अपराधो के बारे तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया, अभिमन्यु का शेल्फी कट आऊट प्वाइंट लगाया गया, समस्त कार्यवाही में महिला सुरक्षा शाखा का स्टाफ, महिला थाना का स्टाफ ,खेल एव युवा कल्याण विभाग,नव जीवन संस्था द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# चोरी गयी मोटरसाइकिल,मोबाइल व नगदी बरामद कर दबोह पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में चोरी गये वाहनों की बरामदगी करने हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।दिनांक 02/08/2023 को फरियादी सुरेश जाटव ने अपनी मोटरसाइकिल स्पलैण्डर क्र. एमपी 30 एमएल 1844, सैमसंग का कीपैड मोबाइल एवं 1250 रूपये नगदी के दिनांक 01/08/2023 की रात्रि में चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई थी जिस पर से थाना दबोह में अप.क्र. 143/23 धारा 457, 380 भादवि का दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दबोह निरीक्षक संजीव तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अज्ञात चोर व माल की पतारसी की गयी तभी मुखबिर सूचना पर से ग्राम अमाहा के हार में से आरोपी के कब्जे से चोरी गयी मोटरसाइकिल,मोबाइल व नगदी रकम कुल 47250 रूपये का माल थाना दबोह टीम द्वारा 12 घण्टे के भीतर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय लहार पेश किया बाद जेल वारण्ट प्राप्त कर उपजेल लहार में दाखिल किया।उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी दबोह निरीक्षक संजीव तिवारी,उपनिरीक्षक देवेन्द्र राठौर, सउनि राजकिशोर तिवारी,आरक्षक राजू यादव,सतेन्द्र सिंह गुर्जर, अभिषेक यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# आपरेशन मुस्कान के तहत थाना अमरपाटन पुलिस ने फिर से लौटाई 03 परिवारो की मुस्कान

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

**अमरपाटन।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे ÷आपरेशन मुस्कान÷ के तहत पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर लोकेश डाबर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमरपाटन उपनिरी0 संदीप भारतीय के नेतृत्व मे ÷आपरेशन मुस्कान÷ के तहत 02 अपहृता बालिकाओ को दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया ।

**घटना का विवरण-**

(1)दिनांक 27.04.2023 को रामकलेश यादव पिता दद्दी यादव उम्र 46 साल निवासी कृष्णगढ थाना अमरपाटन का उपस्थित थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया की दिनांक 17.04.23 को उसकी लड़की अनुपमा (परिवर्तित नाम) घर से बिना बताये कही चली गई है रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 211/23 धारा 363 ता0हि0 का कायम कर विवेचना मे लिया गया ष (2) फरियादी धीरेन्द्र सिंह बघेल पिता बीरभान सिंह बघेल उम्र 52 साल निवासी अहिरगांव का उपस्थित थाना आकर दिनांक 21.07.2023 को रिपोर्ट किया कि लड़की रुचि सिंह ( परिवर्तित




नाम) घर से बिना बताये कहीं चला गया है । आसपास पता तलास करने पर कोई पता नही चला रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 242/2023 धारा 363 ता0हि0 का कायम कर विवेचना में लिया गया । (3) आवेदक कीर्तन प्रसाद यादव पिता रामस्वरूप यादव उम्र 35 साल निवासी ग्राम कटहा थाना अमरपाटन जिला सतना का दिनांक 30.07.2023 को उपस्थित थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया की दिनांक 29.07.23 लडकी प्रेमा ( परिवर्तित नाम) घर से बिना बताये कहीं चली गई है । आसपास व नात रिस्तेदारियो मे पता तलास पर पर कोई पता नही चला रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 408/23 धारा 363 ताहि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान ÷आपरेशन मुस्कान÷ के तहत दौरान विवेचना अप0क्र0 242/23 एवं अप0क्र0 405/23 धारा 363 ता0हि0 के अपहृता बालिकाओ को दस्तयाब किया जाकर परिजनो को सुपुर्द किया गया है । वहीं अप0क्र0 211/2023 धारा 363 ता0हि0 मे अपहृत बालिका द्वारा उसके साथ गलत कृत्य होना बताये जाने पर मामले मे धारा 366,376(2)ठ,506 ता0हि0 3/4 पाक्सो एक्ट का ईजाफा किया जाकर मामले मे आरोरी श्यामाचरण उर्फ श्यामू साकेत पिता हरछाठी साकेत उम्र 23 साल नि0 इटमा कोठार थाना अमरपाटन को आज दिनांक 02.08.2023 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है एवं अपहृत बालिका को परिजनो के सुपुर्द किया गया है ।

### .कोलगवां पुलिस को मिली सफलता, दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

# .आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक सतना के कुशल निर्देशन एवं महेन्द्र सिंह चौहान सीएसपी सतना के मार्गदर्शन पर मिली कामयाबी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**संभागीय ब्यूरो**

**सतना।** दिनांक 31/07/23 को फरियादी श्रीमती माला (परिवर्तित नाम) 30 वर्ष निवासी थाना कोलगवां ने रिपोर्ट किया आज से करीबन 2 वर्ष पूर्व मेरे पति का काम धंधा नही चल रहा था जिससे मैं व मेरे पति बहुत परेशान थे तब मैने अपने पडोस में रहने वाला अभिषेक पाण्डेय से बोली कि मेरे पति का काम धंधा नही चल रहा हैं जिससे हम दोनो बहुत परेशान हैं। तो अभिषेक पाण्डेय ने मुझसे बोला कि मैं गृह शांति की पूजा कर दूंगा मेरे घर आना तब सन 2021 में अप्रैल माह में मैं सुबह करीबन 11 बजे घर में बिना किसी को बताये अभिषेक पाण्डेय के घर पूजा करवाने गयी अभिषेक पाण्डेय मुझे अपने घर के



ऊपर वाले कमरे में ले गया और अभिषेक पाण्डेय ने मेरी गृह शांति की पूजा करवायी खाने के लिये पूजा की मिठाई मुझे दी मिठाई खाने के बाद मुझे चक्कर आने लगा तभी अभिषेक पाण्डेय मेरे साथ जबरन गलत काम किया जब मै चिल्लाने को हुई तो उसने मेरा मुह दबा दिया और बोला यदि किसी को बोली तो जान से मार दूगां फिर कुछ दिन बाद अभिषेक पाण्डेय मुझे बोला कि मैने तुम्हारा वीडियो बना लिया है यदि तुम मेरे पास नही आओगी तो तुम्हारा वीडियो वायरल कर दूंगा । अभिषेक पाण्डेय ने मुझे वीडियो वायरल करने के लिये ब्लैकमेल करना व परेशान करना शुरू कर दिया अभिषेक पाण्डेय मुझे ब्लैकमेल करके कई बार अपने घर बुलाया और मेरे साथ जबरजस्ती गलत काम किया और मेरी वीडियो एक बार अपने फोन पर बना लिया रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 1058/23 धारा 376, 376(2)(ठ), 506 ताहि कायम कर आरोपी अभिषेक पाण्डेय निवासी मारुति नगर को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी अभिषेक पांडेय पिता ददोली पांडेय 24 वर्ष निवासी मारुति नगर, शारदा कालोनी थाना कोलगवां का है। दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी मे निरीक्षक सुदीप सोनी थाना प्रभारी कोलगवां, उनि ए पी मिश्रा, प्रआर कमलाकर सिंह, रामानुज की सराहनीय भूमिका रही है

# स्कूल यूनिफॉर्म मामले में प्रिंसिपल ने छात्र की कर दी थी पिटाई ,प्रिंसिपल पर विभाग ने लिया बड़ा एक्शन

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**सम्भागीय ब्यूरो**

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली में स्कूल शिक्षा विभाग ने जिले स्थित हाईस्कूल गोभा के प्रिंसिपल को आठवीं कक्षा के एक छात्र को शारीरिक दंड देने के आरोप में निलंबित कर दिया. बताया जा रहा है कि स्कूल के प्रिंसिपल ने 12 वर्षीय मासूम छात्र को बेरहमी से मारकर अधमरा कर दिया था. इसके बाद छात्र को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था. मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने जांच के आदेश जारी किए थे.जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रिंसिपल को निलंबित करने का फरमान जारी कर दिया गया है. वहीं प्रिंसिपल के खिलाफ थाने में भी मामला दर्ज किया गया है. दरअसल, यह पूरा मामला सिंगरौली जिले के शासकीय हाईस्कूल गोभा का है. यहां 20 जुलाई को 8वीं क्लास में पढ़ने वाले छात्र मनोज कोल की प्रिंसिपल संतोष कुमार मिश्रा ने जमकर पिटाई कर कर दी थी. यही नहीं पिटाई करने



की वजह भी अजीबो-गरीब थी. दरअसल, 12 वर्षीय आठवीं के छात्र को स्कूल में से यूनिफॉर्म दिया गया था।साथ ही उसे मना किया गया था कि वो इस बारे में किसी को न बताए, लेकिन जब स्कूल के अन्य छात्रों ने उससे यूनिफॉर्म के बारे में पूछा कि ये उसे कहां से मिला, तो उसने बता दिया. लिहाजा अन्य छात्र भी शिक्षक से स्कूल यूनिफॉर्म की मांग करने लगे. प्रिंसिपल ने जब अन्य बच्चों से पूछा कि यूनिफॉर्म के बारे में उन्हें किसने बताया, तो बच्चों ने छात्र मनोज काल नाम बताया. इसी बात से नाराज होकर प्राचार्य ने 12 वर्षीय मनोज की बेरहमी से पिटाई कर दी. इससे छात्र के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट पहुंची.इसके बाद आनन फानन में छात्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद शिक्षा विभाग ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच के आदेश जारी किया था. जांच रिपोर्ट के आधार पर अब स्कूल का प्रिंसिपल निलंबित हो गया है. वहीं स्कूल में अब नए प्रिंसिपल मान सिंह ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया है. वहीं इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल पर यूनिफॉर्म को लेकर छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया गया था, जांच के बाद निलंबित कर दिया गया है।

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की विकास पर्व की समीक्षा

# विकास पर्व की हर गतिविधि का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के दिए निर्देश






**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**रीवा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गत दिवस वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकास पर्व तथा लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास पर्व 16 जुलाई से 14 अगस्त तक मनाया जा रहा है। सभी जिलों में इस अवधि में निर्माण कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास जनप्रतिनिधियों द्वारा किए जा रहे हैं। जिन जिलों में अभी कम लोकार्पण और शिलान्यास हुए हैं वहाँ सांसदगण, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कलेक्टर लोकार्पण शिलान्यास कराएं। विकास पर्व की हर गतिविधि का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सोशल मीडिया के माध्यम से भी विकास के संदेश दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली बहना योजना में 25 जुलाई से 21 से 23 साल की बहनों के पंजीयन शुरू कर दिए गए हैं। सभी पात्र बहनों का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं। लाड़ली बहना योजना में बैंक खाते में कठिनाई के कारण जिन बहनों को राशि गत माह नहीं मिली है उनके बैंक खाते डीबीटी कराएं जिससे योजना की राशि प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना सेना महिला सशक्तिकरण का प्रमुख आधार बनेगी। लाड़ली बहना सेना को पूरा प्रशिक्षण दें। महिलाओं के कल्याण तथा सशक्तिकरण की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में लाड़ली बहना सेना सहयोग करेंगी। यह सेना प्रदेश की नई शक्ति हैं। लाड़ली बहना सेना का शीघ्र ही सम्मेलन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की तीसरी किश्त 10 अगस्त को रीवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जारी की जाएगी। इस सम्मेलन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से वातावरण का निर्माण करें। रंगोली, दीवार लेखन, महिला सशक्तिकरण के गीत, पिंक साइकल रैली जैसे आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में करें। योजना से लाभान्वित बहनों के अनुभव तथा राशि के उपयोग के वीडिया संदेश सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में 9 अगस्त से 30 अगस्त तक मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकायों से मिट्टी संकलित कर उसे प्रतीक स्वरूप कर्त्तव्य पथ दिल्ली भेजा जाएगा। प्रमुख नगरों तथा जिला स्तर पर क्षेत्र के शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के नाम प्रदर्शित करने के लिए सम्मान पटल बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद की कमी नहीं है। इसके वितरण पर कलेक्टर कड़ी निगरानी रखें। सभी किसानों को 16 अगस्त तक फसल बीमा योजना में आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। प्रदेश के कई क्षेत्रों में तेज वर्षा हो रही है। नदी, नालों तथा बांधों के जल स्तर पर सतत निगरानी रखें। मौसम विभाग से भी संपर्क में रहकर उनसे प्राप्त सूचनाओं के आधार पर तैयारियाँ करें। जिन जिलों में मेडिकल कालेज की स्थापना की गई है वहाँ कलेक्टर समन्वय करके एमबीबीएस की कक्षाओं का शुभारंभ कराएं। मौसमी बीमारियों की रोकथाम तथा क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार पर भी विशेष ध्यान दें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय से प्रभारी कमिश्नर छोटे सिंह, उपायुक्त अशोक ओहरी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी तथा अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

# .सेना के जवान की कम उम्र में मौत से पूरा गांव शोक में डूबा



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**



**रीवा।** जिले के त्योथर तहसील , थाना सोहागी के अंजोरा गांव के निवासी शत्रुघ्न मिश्रा उम्र 38 वर्ष जो भारतीय सेना मे सूबेदार पद पर बेंगलुरु में तैनात थे कुछ दिनों पहले अपने गृह गांव अंजोरा अवकाश में आए थे,उनके पेट में दिक्कत होने के कारण उनके परिजन ने गंगाराम अस्पताल प्रयागराज में दिखाया,वहा से सरस्वती हार्ट केयर में रेफर कर दिया गया ,बताया जा रहा है कि उनको हार्ट प्रोब्लम नहीं थी फिर भी गंगाराम अस्पताल के डॉक्टर ने उन्हें वहा भेजा , और वहा पर उनकी हालत और ज्यादा खराब हो गई ,उसके बाद जवान के परिवार वाले उनको सेना के कमांड अस्पताल लखनऊ लेकर पहुंचे ,जहां इलाज शुरू होने के पहले बेहोश हो गए थे। शत्रुघ्न मिश्रा बेहोश होने के बाद वह कभी होश में आए ही नही ,बीस दिन वेंटीलेटर में रहने के बाद , दिनांक 30 जुलाई को रात 1 बजे सेना के अस्पताल में उनकी मौत हो गई। शत्रुघ्न मिश्रा की मौत की खबर पाकर पूरा गांव शोक में डूब गया। सभी लोग उनके अंतिम दर्शन एवम बिदाई के लिए 02.08.23 को सैनिक सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर के साथ , त्योथर विधायक , टी आई साहब, कर्नल साहब ,पूरे गांव के लोग , रिश्तेदार,चाचा राममूरात ,श्याममूरत , वेदप्रकाश,भाई राजेश मिश्रा टी आई,संजय मिश्रा ,विजय मिश्र ,रवी ,धीरज ,नीरज ,संदीप,जीजा रामजी ,अशर्फीलाल ,धर्मेंद्र ,बहन मुन्नी दीदी ,सरिता,बेबी ,माला,अर्चना,संगीता ,भतीजा गौरव ,बेभाव,उनकी मां,सभी चाची,मौसी एवम सभी मिश्रा परिवार नम आंखों ,से गमगीन माहौल में बिदाई दिया।

# .त्योंथर में वन विभाग निष्क्रिय, लाखों रुपए का तनख्वाह पाने वाले अधिकारी खानापूर्ति तक सीमित

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा-** त्योंथर विधानसभा में वन विभाग पूरी तरह निष्क्रिय दिख रहा है। जनता के टैक्स से प्रतिमाह मोटी-मोटी तनख्वाह पाने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी मिले कर्तव्यों को नहीं निभा रहे हैं। जिसकी वजह से जमकर अवैध कार्य फल फूल रहा है। वन विभाग की टीम एक्टिव ना होने से चल रहे अवैध कार्यों में जमकर मिलीभगत की चर्चा है। मिली जानकारी के अनुसार त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में पूर्वी क्षेत्र चाकघाट एवं नेशनल हाईवे 30 के पश्चिमी एरिया सिरमौर रेंज के अंतर्गत आता है। लेकिन फील्ड में




किसी भी रेंज के अधिकारी भ्रमण अथवा जांच पड़ताल कार्यवाही करते नजर नहीं आ रहे। जिसकी वजह से जंगलों में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई, इनके रेंज में खनिज संपदाओं का उत्खनन, अवैध रूप से आरा मशीन, नियमों की धज्जियां उड़ाकर लकड़ियों के टाल संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही वाहनों के माध्यम से भी अवैध रूप से एमपी यूपी सीमा में लकड़ियों का परिवहन चल रहा है। वन विभाग के रेंजर, एसडीओ, डीएफओ सहित अन्य अधिकारी कुंभकर्णी की नींद में सो रहे हैं। वनों के संरक्षण और प्राप्त हुए दायित्वों को लेकर क्षेत्र में इनकी प्रतिक्रिया शून्य है।कहने को तो दो सीमाओं के बीच चाकघाट बॉर्डर में वन विभाग का चेकपोस्ट भी है लेकिन वहां भारी अनियमितता देखने को मिलती है। वन विभाग के कई कर्मचारी घरों से ही अपने ड्यूटी को पूर्ण कर रहे हैं अथवा कार्य को संचालित कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गुप्त रूप से जांच की गई तो लापरवाही एवं संरक्षण देने वालों पर निश्चित की गाज गिरना तय है।

# राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती समारोह का आयोजन आज।

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर** मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा के तत्वावधान में आज दिनॉक 3-08-2023को सायंकाल 5ः00 बजे ÷राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त÷ जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार मुरारी लाल गुप्त गीतेश करेंगे। मुख्य अतिथि- दिलीप तपा (अध्यक्ष, गहोई वैश्य समाज),विशिष्ट अतिथि- कवि घनश्याम सेठ एवं वक्ता द्वय शिक्षाविद् राधेश्याम सेठ एवं साहित्यकार अशोक कुमार पहारिया एवं सभा प्रतिनिधि- के रूप में डॉ.पद्मा शर्मा, उपाध्यक्ष मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा मंचासीन रहेंगीं।कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में साहित्यकारों , साहित्य अनुरागियों एवं कवियों से उपस्थित रहने हेतु कार्यक्रम संयोजिका डॉ मंजुलता आर्य , सहसंयोजिका डॉ .वंदना सेन एवं संगीता गुप्ता द्वारा अनुरोध किया गया है।

## सार समाचार

### दिल्ली कुश्ती के प्रमुख जय प्रकाश डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद की दौड़ में

**नई दिल्ली** । कुश्ती की दिल्ली राज्य इकाई के प्रमुख जय प्रकाश ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के 12 अगस्त को होने वाले चुनावों के लिए अध्यक्ष सहित तीन पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार को उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी की। प्रकाश के अलावा उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह, जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ पुलिस महानिरीक्षक दुष्यंत शर्मा और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। प्रकाश और संजय डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण के गुट से हैं। बृज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में गवाहों में शामिल अनीता ओडिशा का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यह 38 वर्षीय हालांकि हरियाणा की है और राज्य पुलिस में नौकरी करती है। निर्वाचन अधिकारी और जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार ने मंगलवार को 15 पदों के लिए उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची की घोषणा की। प्रकाश ने दो अन्य पदों -उपाध्यक्ष और महासचिव- के लिए भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। बृज भूषण गुट ने सोमवार को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख पर प्रकाश का नाम गुप्त रखा था और केवल संजय के नाम का खुलासा किया था जो डब्ल्यूएफआई के संयुक्त सचिव भी हैं।

### एशियाई खेलों में पहली बार हिस्सा लेगी भारतीय सॉफ्टबॉल टीम

**नई दिल्ली,** । चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में भारत पहली बार सॉफ्टबॉल के खेल में प्रतिस्पर्धा करेगा। भारतीय सॉफ्टबॉल संघ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एशियाड में हिस्सा लेने के लिये 16-सदस्यीय महिला टीम का चयन किया गया है। टीम चयन के लिये संभावितों की सूची के लिये परीक्षणों के बाद जून-जुलाई में दो सप्ताह के कोचिंग कैंप और परीक्षणों का आयोजन किया गया था। इस टीम में तीन अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी चुना गया है। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन महाराष्ट्र ने भारतीय टीम में सबसे अधिक खिलाड़ियों का योगदान दिया। राज्य की पांच लड़कियों को राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है, जबकि केरल और पंजाब से क्रमशः तीन और दो खिलाड़ियों को चुना गया है। छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से एक-एक खिलाड़ी ने टीम में जगह बनायी है। सॉफ्टबॉल संघ की अध्यक्ष नीतल नारंग ने कहा,एशियाई खेलों में भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम की भागीदारी हमारे खिलाड़ियों के लिये चमकने और महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपनी योग्यता साबित करने का अवसर है। इसके अलावा, यह उपलब्धि युवा एथलीटों, विशेषकर लड़कियों की भावी पीढ़ियों को सॉफ्टबॉल को पसंदीदा खेल के रूप में अपनाने के लिये प्रेरित करेगी।

# भयावह होती खेल की राजनीति

बात अप्रैल 1997 की है। जयपुर में भारतीय कुश्ती फेडरेशन के चुनाव थे। अध्यक्ष पद के लिए जीएस मंडेर के सामने भारतीय कुश्ती के युग पुरुष पद्म श्री द्रोणाचार्य गुरु हनुमान खड़े थे, जिनके कई शिष्य विभिन्न प्रदेशों से वोट पाने और वोट देने के लिए पहुंचे थे। गुरू हनुमान अपनी जीत पक्की समझ बैठे थे लेकिन उन्हें मात्र तीन वोट मिले और बुरी तरह हार गए। मीडिया ने उनकी एकतरफा जीत का संकेत दे दिया था, क्योंकि हर कोई गुरु हनुमान के नाम की माला जप रहा था।

लेकिन यह पहली घटना नहीं है। देश के महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण को भी बीएआई चुनावों में कुछ इसी प्रकार की स्थिति का सामना करना पड़ा था। उन्हें भी बड़े दुख और सदमे के




साथ बैडमिंटन की राजनीति से हटना पड़ा था। हाल फिलहाल कुश्ती फेडरेशन के चुनाव में जैसी राजनीति देखने को मिल रही है, उसे लेकर सत्ता के गलियारों और खेल हलकों में यह चर्चा जोरों पर है कि खेल हमेशा राजनीति के गुलाम रहेंगे। कुछ तो यहां तक कह रहे हैं कि बिना राजनीति के खेल हो ही नहीं सकते।

ताजा उदाहरण कुश्ती फेडरेशन के चुनाव हैं, जिनमें निवर्तमान विवादास्पद अध्यक्ष और सांसद ब्रज भूषण शरण सिंह के करीबी, सरकार और आईओए प्रतिनिधि सीधे सीधे भाग ले रहे हैं। भले ही ब्रज भूषण के नाते रिश्तेदार चुनाव नहीं लड़ रहे लेकिन यह तय माना जा रहा है कि जीत उसी की होगी जोकि नेता जी का चहेता होगा। यह बात अलग है कि सरकार कोई बड़ी चाल चल जाए और आईओए की तरह कुश्ती भी उसकी जेबी फेडरेशन बन जाए। लेकिन इस प्रकार के विवाद एक दो खेलों में नहीं हैं।

देश के अधिकांश खेल गंदी राजनीति और गुटबाजी में फंस कर रह गए हैं। कुश्ती इसलिए चर्चा में है क्योंकि महिला पहलवानों ने अपने अध्यक्ष पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। पिछले कुछ सालों में भारतीय खेलों में गंदी राजनीति का प्रवेश जोर शोर से हुआ है। नेता और उनके बेटे क्रिकेट से फुटबाल तक घुसपैठ कर चुके हैं। इतना ही नहीं उड़नपरी पीटी ऊषा का आईओए अध्यक्ष बनना भी बड़ी राजनीतिक घटना माना जा रहा है।

कुल मिला कर कल तक जो लोग खेलों को राजनीति और राजनेताओं से दूर रखने की बात करते थे मौन हो गए हैं! एशियाई खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के साथ उनके खेल संघ जैसा व्यवहार कर रहे हैं उसे लेकर हर तरफ असंतोष व्याप्त है। खेल संघ दो से ज्यादा धड़ों में बंटे हैं और अधिकारी अपनी सुविधा और स्वार्थ के चलते नियमों से खेल कर खिलाड़ियों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। दूसरी तरफ सरकारी प्रतिनिधि और आईओए चैन की बंसी बजा रहे हैं। आगामी एशियाड में भाग लेने वाले कई खेलों की भागीदारी अधर में लटकी है और फेडरेशन की गुटबाजी के कारण खिलाड़ी कोर्ट कचहरी की शरण ले रहे हैं।

## अगले दो महीने हमारे लिये महत्वपूर्ण: हरमनप्रीत

**नई दिल्ली** ■
भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में क्वालीफिकेशन को ध्यान में रखते हुए अगले दो महीने टीम के लिये बेहद महत्वपूर्ण होने वाले हैं। भारतीय टीम तीन अगस्त से 12 अगस्त के बीच एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेकर अगले महीने चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों के लिये तैयारी करेगी। हरमनप्रीत की टीम अगर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल करती है तो वह पेरिस ओलंपिक के लिये सीधा क्वालीफाई कर लेगी।

हरमनप्रीत ने हॉकी ते चर्चा



पॉडकास्ट के नवीनतम एपिसोड पर कहा,अगले दो महीने हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण हैं। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में, हमारे पास हांग्झोउ एशियाई खेलों से पहले अच्छे प्रतिद्वंदियों के खिलाफ खेलने का अवसर है। यह खिलाड़ियों के लिये अच्छा अनुभव होगा।

# पूर्व क्षेत्र को पश्चिम क्षेत्र पर मिली 157 रन की जीत

### पराग के शतक और मूरासिंह के पांच विकेट की बदौलत पूर्व क्षेत्र को बड़ी जीत मिली।

**पुडुचेरी** ■
रियान पराग के तीन मैच में दूसरे शतक और मणिशंकर मूरासिंह के पांच विकेट की बदौलत पूर्व क्षेत्र ने मंगलवार को यहां देवधर ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में पश्चिम क्षेत्र को 157 रन से हरा दिया। पराग ने सिर्फ 68 गेंद में पांच छक्कों और छह चौकों से नाबाद 102 रन की पारी खेली जिससे पूर्व क्षेत्र ने 50 ओवर में सात विकेट पर 319 रन का स्कोर खड़ा किया।

मूरासिंह ने इसके बाद सात ओवर में 28 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे पश्चिम क्षेत्र की टीम 34 ओवर में सिर्फ 162 रन पर ढेर हो गई। उत्कर्ष सिंह ने भी पूर्व क्षेत्र की ओर से अर्धशतक जड़ने के साथ तीन विकेट चटकाए। कुमार कुशाग्र (47 गेंद में 53 रन, छह चौके) ने भी अर्धशतक जड़ा। पश्चिम क्षेत्र की ओर से सौराष्ट्र के सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए।



उन्होंने 92 गेंद में 13 चौकों और दो छक्कों से 92 रन की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। लक्ष्य पीछा करते हुए पश्चिम क्षेत्र ने तीसरे ओवर में ही समर्थ व्यास (12) का विकेट गंवाया जिन्हें आकाश दीप ने पवेलियन भेजा। तेज गेंदबाज मूरासिंह ने पारी के पांचवें और अपने पहले ओवर में राहुल त्रिपाठी (01) को पगबाधा किया।

मूरासिंह ने अपने अगले ओवर में सरफराज खान (03) को बोल्ड किया और फिर इसके अगले ओवर में कथन पटेल को पराग के हाथों कैच कराया। मूरासिंह ने पारी के 12वें ओवर में शिवम दुबे का कैच अपनी ही गेंद पर लपककर पश्चिम क्षेत्र की हार लगभग तय कर दी। शम्स मुलानी (12) और अतीत सेठ (18) ने देसाई के साथ मिलकर हार को कुछ देर टाला लेकिन पूर्व क्षेत्र को जीतने से नहीं रोक पाए। पश्चिम क्षेत्र के कप्तान प्रियांक पांचाल चोटिल होने के कारण 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे।

पूर्व क्षेत्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक समय 157 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन पराग और कुमार कुशाग्र (47 गेंद में 53 रन, छह चौके) ने पूर्व क्षेत्र को मुश्किल स्थिति से उबारा। दोनों ने छठे विकेट के लिए 150 रन जोड़े। इस जीत से पूर्व क्षेत्र की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और उसके शीर्ष पर चल रहे दक्षिण क्षेत्र के समान 16 अंक हैं।

**उत्तर क्षेत्र की जीत में चमके मारकंडे और राणाः** उत्तर क्षेत्र में अपने ऑलराउंड खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए देवधर ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के राउंड रोबिन मैच में मंगलवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। उत्तर क्षेत्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को 32.1 ओवर में 101 रन पर आउट कर दिया और फिर उसके बाद केवल 12.5 ओवर में एक विकेट पर 102 रन बनाकर बड़ी जीत दर्ज की। उत्तर क्षेत्र की तरफ से स्पिनर मयंक मारकंडे ने 14 रन देकर चार जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उनके अलावा तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा और ऋषि धवन तथा बाएं हाथ के स्पिनर निशांत सिंधू ने एक-एक विकेट लिया।

# सुरेंद्र खन्ना को फिर डीडीसीए में बड़ा दायत्व

**नई दिल्ली** ■
देर से ही सही 1984 के एशिया कप के हीरो विकेट कीपर हीरो सुरेंद्र खन्ना 30 साल बाद फिर से दिल्ली क्रिकेट की मुख्य धारा से जुड़ गए हैं।

महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और दिल्ली की महिला खिलाड़ियों को सजाने संवारने में बड़ी भूमिका निभाने वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अंजली शर्मा को भी बड़ा दायत्व सौंपा



गया है। खन्ना पहले आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल में सराहनीय काम कर चुके हैं जबकि अंजली डीडीसीए की एपेक्स काउंसिल में शामिल रही हैं।

खन्ना को द्रोणाचार्य गुच्ची पाजी की जगह और अंजली को रीमा मल्होत्रा के स्थान पर शामिल किया गया है। दोनों सदस्यों ने दिल्ली की क्रिकेट को ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लिया।

भारतीय टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर निखिल चोपड़ा दिल्ली जिला क्रिकेट संघ की एपेक्स काउंसिल के अध्यक्ष बने रहेंगे।

खन्ना ने बताया की वह लंबे समय से इस प्रकार के अवसर की तलाश में थे। अब वे दिल्ली की क्रिकेट में उभरते हुए खिलाड़ियों और कोचों के लिए बेहतर अवसर जुटाने का काम करेंगे।

टेनिस टूर्नामेंट

# स्वितोलिना ने अजारेंका को हराया, हाथ नहीं मिलाए

**वाशिंगटन** ■
यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेटों में हराने के बाद अपनी इस प्रतिद्वंदी से हाथ नहीं मिलाए। स्वितोलिना ने सोमवार को खेले गए पहले दौर के इस मैच में 7-6 (2), 6-4 से जीत दर्ज की। यूक्रेन में युद्ध के दौरान स्वितोलिना और उनके देश की अन्य खिलाड़ियों ने रूस और बेलारूस की अपनी प्रतिद्वंद्वियों से हाथ मिलाने से परहेज की है। रूस ने फरवरी 2022 में बेलारूस की मदद से



यूक्रेन पर हमला किया था और यह युद्ध अभी जारी है।

स्वितोलिना और अजारेंका के बीच मैच से पहले ही दर्शकों को बता दिया गया था कि दोनों खिलाड़ी मैच के बाद एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाएंगे। टेनिस में मैच समाप्त होने के बाद खिलाड़ी आपस में हाथ मिलाते हैं लेकिन स्वितोलिना और अजारेंका ने केवल चेयर अंपायर से हाथ मिलाया। स्वितोलिना के इस कदम की कुछ दर्शकों ने सराहना भी की। स्वितोलिना ने बाद में कहा, यह सही फैसला है।

मैंने डब्ल्यूटीए से कहा कि वह यूक्रेन के खिलाड़ियों के फैसले का सम्मान करे और उसने ऐसा किया। पहले दौर के अन्य मैचों में गत चैंपियन ल्यूडमिला सैमसोनोवा ने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली डेनिएल कोलिन्स को 6-1, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में ही लॉरेन डेविस ने 2017 की यूएस ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को 7-6 (8), 3-6, 6-1 से जबकि मार्टा कोस्त्युक ने 2019 की यूएस ओपन चैंपियन बियांका एंड्रीस्कू को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराया।

**मौजूदा चैंपियन मैरी बोज़कोवा पहले दौर में बाहरः** मौजूदा चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त मैरी बोज़कोवा प्राग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में जेकलिन क्रिस्टियन से तीन सेट तक चले मैच में हार कर बाहर हो गई। रोमानिया की गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्रिस्टियन ने चेक गणराज्य की बोज़कोवा को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर उलटफेर का शिकार बनाया।

## इंग्लैंड क्रिकेट और बेहतर हो सकता है: रिकी

**लंदन,** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉटिंग का मानना है कि सोमवार को खत्म हुई एशेज सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद सीरीज का स्कोर 2-2 करने के बाद इंग्लैंड एक टेस्ट टीम के रूप में बेहतर हो जाएगी। उन्होंने चीजों में बदलाव करना शुरू कर दिया है। वोक्स और अली के गेम-चेंजिंग स्पैल के दम पर इंग्लैंड ने सीरीज के आखिरी मैच में जीत दर्ज की जबकि स्टुअर्ट ब्रॉड ने आखिरी दो विकेट लेकर अपने करियर का शानदार अंत किया।

## बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में प्रणय नौवें और लक्ष्य 11वें स्थान पर पहुंचे

**नई दिल्ली** ■
भारत के स्टार खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जापान ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम विश्व रैंकिंग में मंगलवार को क्रमशः नौवें और 11वें स्थान पर पहुंच गए। प्रणय जहां एक स्थान आगे बढ़े हैं वहीं सेन की रैंकिंग में दो स्थान का सुधार हुआ है। प्रणय पिछले सप्ताह तोक्यो में जापान ओपन के सेमीफाइनल में डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन जबकि सेन इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी



से हार गए थे।

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भी एक पायदान आगे 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ चार पायदान चढ़कर 50वें स्थान पर काबिज हो गए हैं। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू पहले की तरह 17वें स्थान पर बनी हुई हैं।

## समाचार-आसपास

### इंग्लैंड के सबसे महान कप्तान बनेंगे बेन स्टोक्सः वॉन

**लंदन** । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट टीम के नेतृत्व के लिए बेन स्टोक्स की प्रशंसा की है और उनका मानना है कि इस ऑलराउंडर में टीम के क्रिकेट इतिहास के महानतम कप्तानों में से एक बनने की क्षमता है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने सोमवार को समाप्त हुई एशेज श्रृंखला में दमदार वापसी की। 0-2 से सीरीज में पिछड़ने के बावजूद इस टीम ने वापसी करते हुए सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। इंग्लैंड आसानी से 3-2 से सीरीज जीत सकता था अगर मैनचेस्टर टेस्ट, जहां उनका दबदबा था, बारिश के कारण ड्रॉ पर समाप्त नहीं हुआ होता।

वॉन ने कहा,वह केवल 14 महीनों से टीम की कमान संभाल रहा है, लेकिन पहले से ही वह इंग्लैंड के महानतम कप्तानों में से एक है। मुझे लगता है कि समय आने पर उन्हें इंग्लैंड का अब तक का सबसे महान टेस्ट कप्तान माना जाएगा। द टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में वॉन ने लिखा, कप्तान के रूप में स्टोक्स ने अब 18 में से 13 टेस्ट जीते हैं, जो अविश्वसनीय है। लेकिन आप एक गहरे प्रभाव के बारे में भी सोच रहे हैं। मुझे लगता है कि आने वाले समय में स्टोक्स को ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा।

### त्रीसा-गायत्री की जोडी ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में

**सिडनी** । राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने कैथरीन चोई और जोसेफाइन वू की कनाडा की जोड़ी को मंगलवार को यहां सीधे गेम में हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। त्रीसा और गायत्री की दुनिया की 17वें नंबर की जोड़ी ने पहले दौर में चोई और वू की दुनिया की 29वें नंबर की जोड़ी को 21-16 21-17 से हराया। त्रीसा और गायत्री की अगले दौर में हालांकि राह आसान नहीं होगी। इस भारतीय जोड़ी को अगले दौर में मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा की जापान की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से भिड़ना है। चार साल बाद टूर्नामेंट में खेल रही अश्विनी पोनप्पा और उनकी जोड़ीदार तनीषा क्रास्टो को फेब्रियाना विपुजी कुसुमा और एमेलिया कहाया प्रातिवी की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 11-21 21-14 17-21 से हार झेलनी पड़ी।

### पाकिस्तान की हॉकी टीम वाघा बॉर्डर से भारत पहुंची

**चेन्नई** । पाकिस्तान की हॉकी टीम गुरुवार से यहां होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए मंगलवार को अटारी वाघा बॉर्डर से भारत पहुंची। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मैच नौ अगस्त को खेला जाएगा। पाकिस्तान की टीम सड़क के रास्ते अमृतसर पहुंचने के बाद विमान से चेन्नई के लिए रवाना होगी।

इस बीच हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम मंगलवार को यहां पहुंची। भारतीय टीम गुरुवार को चीन के खिलाफ मैच से पहले बुधवार को मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अभ्यास करेगी। पाकिस्तान की टीम भी इस दिन अभ्यास करेगी। पाकिस्तान की टीम इस प्रकार हैः मुहम्मद उमर भट्टा (कप्तान), अकमल हुसैन, अब्दुल्ला इश्तियाक खान, मुहम्मद अब्दुल्ला, मुहम्मद सुफियान खान, एहतशाम असलम, ओसामा बशीर, अकील अहमद, अरशद लियाकत, मुहम्मद इमाद।



# फिल्म सेट पर मृणाल सेलिब्रेट करेंगी जन्मदिन

पॉपुलर एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर अपना 31वां जन्मदिन विजय देवरकोंडा के साथ अपकमिंग फिल्म के सेट पर मनाएंगी। दोस्तों और परिवार के साथ सेलिब्रेट नहीं कर पाने के चलते एक्ट्रेस अपना जन्मदिन तेलुगु फिल्म 'वीडी13' के कलाकारों और क्रू के साथ मनाएंगी। वह वर्तमान में हैदराबाद में शूटिंग कर रही हैं, शूटिंग इस सप्ताह शुरू हुई है। मृणाल ने कहा, मैं आमतौर पर अपने जन्मदिन को कम अहमियत देती हूं। चूंकि हम बहुत सार्वजनिक जीवन जीते हैं, मेरे लिए दोस्तों और परिवार के साथ कुछ खास दिन बिताना महत्वपूर्ण है। लेकिन, इस बार सेलिब्रेशन 'वीडी13' के सेट पर अद्भुत कलाकारों और क्रू मेंबर्स के साथ होगा, जिनके साथ मैंने अभी काम करना शुरू किया है।

उन्होंने कहा,हम वर्तमान में हैदराबाद में शूटिंग कर रहे हैं और पिछले साल लगभग 'सीता रामम' और फिर 'हाय नन्ना' के लिए यहां बड़े पैमाने पर शूटिंग करने के बाद यह जगह मेरा दूसरा घर बन गया है। फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद जब मैं अपने परिवार के साथ घर आऊंगी तो मैं निश्चित रूप से एक छोटा सा सेलिब्रेशन करूंगी। इसके अलावा, वह 'हाय नन्ना' की भी शूटिंग कर रही हैं, जिसमें तेलुगु सुपरस्टार नानी भी हैं। शौरयुव द्वारा निर्देशित यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जो पिता-बेटी के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। 'वीडी13' में मृणाल विजय देवरकोंडा के साथ नजर आएंगी।

# रॉकी और रानी ने 50 करोड़ से अधिक की कमाई की



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और अभिनेत्री आलिया भट्ट की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। करण जोहर निर्मित-निर्देशित 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' 28 जुलाई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुयी है।इस फिल्म के साथ करण जोहर ने सात वर्षो के बाद निर्देशन के क्षेत्र में वापसी की है।रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने 50 करोड़ से अधिक की कमाई की 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर सिंह, आलिया भट्ट के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी मुख्य भूमिका में हैं।

# अदा शर्मा की वेबसीरीज कमांडो का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा की आने वाली वेबसीरीज 'कमांडो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कमांडो में अदा शर्मा और प्रेम परीजा नजर आएंगे। प्रेम परीजा इस वेब सीरीज से एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं।'कमांडो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अदा शर्मा एक्शन अवतार में नजर आ रही हैं। इस सीरीज की कहानी कमांडो प्रेम के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक नापाक योजना और बायो वॉर के बीच फंसा है। ऐसे में वह अपने देश के साथ-साथ कमांडो भाई को बचाने के लिए मिशन तैयार करता है। कमांडो मेअदा शर्मा और प्रेम परीजा के अलावा तिग्मांशु धूलिया, अमित सियाल, श्रेया सिंह चोधरी, इश्तियाक खान और मुकेश छाबड़ा भी नजर आने वाले हैं। कमांडो 11 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# सुष्मिता सेन और श्रीगौरी सावंत के बीच है कॉमन फैक्टर

'ताली' के निर्माता अर्जुन सिंह बरन और कार्तिक डी निशानदार ने बताया है कि कैसे सुष्मिता सेन और ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट श्रीगोरी सावंत एक कॉमन फैक्टर के कारण एक-दूसरे से जुड़े। सीरीज ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट गोरी सावंत की असल जिंदगी की कहानी पर बेस्ड है। सीरीज में सुष्मिता सेन के ट्रांसजेंडर अवतार को देखकर फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। सुष्मिता और श्रीगोरी के बीच सामान्य संबंध कारक के बारे में बात करते हुए, दोनों ने कहा: एक लिंग के रूप में पहचाने जाने के लिए याचिका दायर करने की कल्पना करें।

श्रीगोरी सावंत की कहानी से पता चलेगा कि उनके जैसे नागरिकों को कितनी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, एक इंसान के रूप में वह (गोरी सावंत) एक बड़ी प्रेरणा हैं,





जिन्होंने न केवल सामाजिक चुनौतियों पर जीत हासिल की, बल्कि एक मृत एड्स रोगी की बेटी को भी गोद लिया। सुष्मिता और श्रीगोरी सावंत दोनों दत्तक माएं हैं, और इस कॉमन फैक्टर के कारण एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। सुष्मिता दो गोद ली हुई बेटियों की मां हैं। उन्होंने अपनी पहली बेटी रेनी को 2000 में गोद लिया था जबकि उनकी दूसरी बेटी अलीसा 2010 में परिवार में शामिल हुई।

निर्माता को उम्मीद है कि यह सीरीज ट्रांसजेंडर नागरिकों के लिए अधिक समावेशी समाज की आवश्यकता पर प्रकाश डालेगा। उन्होंने कहा कि टीज़र 'ताली' में सुष्मिता के शानदार प्रदर्शन की एक झलक पेश करता है। श्रीगोरी सावंत के संघर्षों और उनका जुनून हर सीन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। दोनों ने आगे सुष्मिता को शानदार एक्ट्रेस बताते हुए कहा कि वह जो भी किरदार निभाती हैं उसे अपने अंदर समाहित कर लेती हैं। उन्होंने कहा, उनकी आवाज असाधारण है, साथ ही जटिल विषयों की उनकी समझ भी असाधारण है। यही कारण है कि जब वह कोई डायलॉग बोलती हैं।

चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो, लोग पूरे ध्यान से सुनते हैं। फिल्म निर्माता रवि जाधव द्वारा निर्देशित, स्क्रिप्ट क्षितिज पटवर्धन द्वारा लिखी गई है। शो का निर्माण अर्जुन सिंह बरन, कार्तिक डी निशानदार और अफीफा नाडियाडवाला द्वारा किया गया है।

# 'बिग बॉस ओटीटी 2': पूजा से मिलने घर में आए महेश भट्ट

कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' में फैमिली वीक चल रहा है। अपकमिंग एपिसोड में फिल्म निर्माता महेश भट्ट अपनी बेटी पूजा भट्ट से मिलने के लिए घर के अंदर आएंगे, जो शो में एक कंटेस्टेंट हैं। महेश भट्ट को देखकर हर एक कंटेस्टेंटस के चहेरे पर मुस्कुराहट आ गई। उन्होंने हर कंटेस्टेंट को उनकी खासियत भी बताई।

महेश भट्ट ने बेबिका को स्ट्रॉन्ग वुमन बताया है। इसके साथ उन्होंने जेद को हैंडसम कहा और अभिषेक को कहा कि वह एक नारियल के जैसे हैं। जो बाहर से सख्त और अंदर से उतने ही नर्म हैं। सबसे खास मोमेंट्स तब आता है जब महेश भट्ट की मुलाकात एल्विश से होती है। उन्होंने बताया कि 'वीकेंड का वार' पर जब एल्विश रोए तो ये बात उनके दिल



को छू गई। उन्हें अपनी पर्सनल स्टोरी याद आई।

उन्होंने वो वक्त याद किया जब वह शराब के आदी थे, लेकिन उनकी बेटी शाहीन के जन्म ने उन्हें पूरी तरह से बदल दिया। उसके बाद पिछले 36 सालों में एक बूंद शराब नहीं पी। महेश अपनी बेटी पूजा के जन्म को याद करते हैं, जब वह सिर्फ 23 साल के थे। 20 साल की उम्र में उनकी शादी हो गई और उन्हें 1500 रुपये का इंतजाम करने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

यह पहली बार नहीं है जब महेश ने शो में एंट्री की है। इससे पहले, उन्होंने सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए शो के टीवी वर्जन में एक अतिथि के रूप में प्रवेश किया था, जहां उन्होंने सनी लियोन को फिल्म 'जिस्म 2' की पेशकश की थी। इस बार वह सिर्फ एक परिवार के सदस्य के रूप में प्रवेश कर रहे हैं।

बहुरंग

# चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन का फर्स्ट लुक रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। चंदू चैंपियन के साथ कार्तिक आर्यन पहली बार निर्देशक कबीर खान के साथ काम कर रहे हैं।

फिल्म का प्रोडक्शन नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के तहत किया जा रहा है। फिल्म चंदू चैंपियन की कहानी एक खिलाड़ी की असाधारण असल जीवन की कहानी है, जिसमें उसकी कभी हार न मानने की भावना को दर्शाया गया है। कार्तिक इस फिल्म में चंदू का किरदार निभाएंगे।

फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। चंदू चैंपियन के पोस्टर में कार्तिक छोटे बाल और भारत का ब्लेजर पहने नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उनके चेहरे पर कुछ चोट के निशान भी दिख रहे है। फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दिलचस्प

# नेहा जोशी ने अपनी खास दोस्त के बारे में की बात



टेलीविजन शो 'दूसरी मां' में यशोदा की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री नेहा जोशी ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त के बारे में बताया। उन्होंरने कहा कि वह फ्रेंडशिप डे से पहले 2006 में एक घर की तलाश के दौरान मुंबई में उनसे मिलीं। अभिनेत्री ने साझा किया कि दोनों ने एक ही घर में रहना शुरू कर दिया और तीन साल तक एक साथ रहे, जिससे उनका बंधन मजबूत हुआ। नेहा ने कहा, 2006 में जब मैं मुंबई आई तो भाग्य ने मुझे प्यारी अभिनेत्री सरवरी लोहोकरे से मिलवाया।

घर की तलाश करते समय हम एक-दूसरे से मिले और हमने साथ रहना शुरू कर दिया। हमारी दोस्ती परवान चढ़ी, जो मेरे जीवन के सबसे यादगार पलों में से एक बन गई। तीन साल तक साथ रहते हुए हमने संघर्ष और खुशियां साझा की। अभिनेत्री ने कहा, कभी-कभार होने वाले झगड़ों के बावजूद हमने हमेशा अपने मतभेदों को सुलझाया।

## विचार पेज का शेष

# पत्रकार मानते हैं उनके संस्थान भाजपा भोपू

रिपोर्ट पत्रकारों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी गोर करती है और दिखाती है कि लगभग दस में से सात पत्रकारों ने अपनी वर्तमान नोकरी के कारण अपने मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ने की बात कही है। यह पुरुषों (66 प्रतिशत) की तुलना में महिलाओं (89 प्रतिशत) को अधिक प्रभावित करता है।

### सोशल मीडिया

अध्ययन में यह भी पाया गया कि सर्वेक्षण में शामिल 69 फीसदी पत्रकार सोशल मीडिया पर प्रसारित गलत जानकारी से गुमराह होने की संभावना को लेकर बहुत चिंतित थे।

सोशल मीडिया पत्रकारों के काम करने के तरीके को अलग तरह से खतरे में डालता है- एक तिहाई भारतीय पत्रकार अक्सर कार्यस्थल पर नतीजे भुगतने के कारण सोशल मीडिया पर राय साझा करने से झिझकते हैं। अध्ययन में पाया गया कि हिंदी भाषा के पत्रकार अंग्रेजी भाषा के पत्रकारों की तुलना में सोशल मीडिया पर राय व्यक्त करने में अधिक सहज होते हैं।

रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि डिजिटल पत्रकारों को टीवी और प्रिंट पत्रकारों की तुलना में ऑनलाइन उत्पीड़न का अधिक सामना करना पड़ता है और 40 फीसदी पत्रकार सोशल मीडिया मंचों पर प्राइवेसी को लेकर असुरक्षा महसूस करते हैं।

इसमें पाया गया कि 40 फीसदी महिला पत्रकार वॉट्सऐप का उपयोग करते हुए बेहद असुरक्षित महसूस करती हैं।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पत्रकारों को लगता है कि भारतीय न्यूज मीडिया में महिलाओं, ग्रामीण क्षेत्रों, किसानों, मुसलमानों, दलितों, आदिवासियों और गरीबों जैसे वंचित वर्गो पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता है।

निष्कर्ष में कहा गया है कि सर्वेक्षण परिणामों का एक महत्वपूर्ण पहलू वित्तीय बाधाएं हैं जो कई पत्रकारों को मीडिया की अपनी वर्तमान नोकरियां छोड़ने से रोकती हैं। सर्वे में कहा गया है, 'सर्वे में शामिल आधे से अधिक पत्रकारों ने अपनी मीडिया की नोकरियों को पूरी तरह से छोड़ने और कुछ और करने पर विचार किया है, जो चिंता का विषय है। यह पेशे के प्रति गहरे असंतोष का संकेत देता है।'

.विकास पर्व में पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक ने किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

# अधोसंरचना निर्माण के साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में रीवा हो रहा है आत्मनिर्भर पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ल





**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**

**रीवा।** पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विकास पर्व के दौरान आज 7.54 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 4 में बनाए जाने वाले श्मशान घाट एवं सुलभ काम्पलेक्स के चारों ओर बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने वार्ड क्रमांक 4 में 25 लाख रुपए से निर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में रीवा विधायक श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में विकास कार्य के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 4 में श्मशान घाट एवं सुलभ काम्पलेक्स के चारों ओर बाउन्ड्रीवॉल के बन जाने से श्मशान घाट में अतिक्रमण नहीं हो सकेगा तथा आवांछित तत्व भी यहाँ प्रवेश नहीं करेंगे। वार्ड क्रमांक 4 में वर्तमान में दो करोड़ से अधिक लागत के 14 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूल के पास संजीवनी क्लीनिक के बन जाने से वार्ड के निवासियों को प्राथमिक उपचार के लिए सुविधा मिलेगी। इस क्लीनिक के बन जाने से इस क्षेत्र के लगभग पाँच सौ परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव या मोहल्ले के लिए बिजली, सड़क, पानी के साथ स्कूल एवं अस्पताल की सुविधा सबसे महत्वपूर्ण है। वार्ड क्रमांक 4 के रहवासियों को संजीवनी क्लीनिक के बन जाने से उनके मोहल्ले में ही प्राथमिक चिकित्सा व जाँच की सुविधा मिलने लगेगी। रीवा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान के निर्देशन में 6 संजीवनी क्लीनिक बनाई गई है। रीवा में जिला चिकित्सालय की स्थापना के साथ ही सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण कराया गया जहाँ गंभीर एवं जटिल रोगों के आपरेशन एवं इलाज की सुविधा मिल रही है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में बेड की संख्या बड़ाकर 400 किए जाने का प्रस्ताव है। कायाकल्प अभियान के तहत गांधी मेमोरियल हास्पिटल का पुनरूद्धार किया गया। हमारा प्रयास है कि रीवा स्वास्थ्य की सुविधाओं के मामले में आत्मनिर्भर रहे। मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव कदम है जो महिलाओं की रोजमर्रा की जरूरतों की पूर्ति में सहायक हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि रीवा हर क्षेत्र में नम्बर एक रहे तथा यहाँ सभी तरह की सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर राजगोपाल मिश्रचारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल मिश्रा, अधीक्षण यंत्री नगर निगम शैलेन्द्र शुक्ला, कार्यपालन यंत्री एसके चतुर्वेदी, जयंत खन्ना सहित नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा वार्ड के रहवासी रामाकांत तिवारी रामायण प्रसाद तिवारी, सतीश उर्मलिया, रामरसिक तिवारी, राममडी तिवारी,अरविंद तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार विवेक तिवारी तथा वॉर्ड के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग की मनमानी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान ,पिछले 3 दिन से आम जनता परेशान

**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** शहर में आजकल बिजली की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है जहां देखो उधर ही बिजली सप्लाई नाम मात्र के लिए की जा रही है शहर के पॉश इलाके कहे जाने वाले शास्त्री नगर ए व बी ब्लॉक बरुआ नगर गांधीनगर मैं पिछले 3 दिन से बिजली की सप्लाई पूरी तरह से बंद है जिसके कारण लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है जानकारी अनुसार आपको बता दें कि भिंड जिले में इस भीषण उमस भरी गर्मी में बिजली की व्यवस्था पूरी तरह से ठप देखने को मिल रही है यदि कोई



भी उपभोक्ता बिजली कर्मचारियों या अधिकारियों को फोन लगाता है तो उनके फोन नहीं उठते हैं अगर उठ भी जाए तो पूरी तरह से संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं मिलता है। इस मामले में जब पड़ताल की गई तो कई बिजली अधिकारियों को फोन लगाया गया जिस पर किसी भी अधिकारी ने फोन ना उठाते हुए अपनी चुप्पी साध लीशहर में सुबह और शाम कम मात्रा में बिजली सप्लाय देकर काम चलाया जा रहा है अगर देखा जाए तो बिजली पिछले 3 दिन से नाम मात्र के लिए मिल रही है। उपभोक्ता अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी परेशान हो रहे हैं बिजली पानी की समस्या आजकल बहुत देखने को मिल रही है।

# मुंशी प्रेमचंद की कहानियां मूल्यपरक संदेश प्रसारित करतीं हैं प्रेमचंद कभी नहीं मरेंगे

## मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद के जन्म दिवस पर हुआ व्याख्यान





**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा ग्वालियर के तत्वावधान में सभा भवन में मुंशी प्रेमचंद के जन्म दिवस पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद एवं वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश तोमर ,पूर्व निदेशक, प्रेमचंद सृजनपीठ उज्जैन के द्वारा की गई।मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कथाकार सीमा जैन ग्वालियर रहीं। वक्ता के रूप में डॉ साधना जैन ,प्राध्यापक एवं साहित्यकार, ग्वालियर एवं वरिष्ठ साहित्यकार अनंगपाल सिंह भदौरिया 'अनंग' सहित साहित्य सभा के प्रतिनिधि के रूप में डॉ कुमार संजीव सभाध्यक्ष मंचासीन रहे। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। सरस्वती वंदना सुभाष वर्मा व्याप्ति उमड़ेकर द्वारा प्रस्तुत की गई।अतिथियों का स्वागत सभा अध्यक्ष डॉ.कुमार संजीव ,दिलीप मिश्रा एवं डॉ मंदाकिनी शर्मा द्वारा किया गया। सभा का संचालन जाह्नवी नाईक ने किया। प्रारम्भ में बाल कथाकार प्रियांशु ने ÷ ठाकुर का कुंआ÷ नामक एक कहानी प्रस्तुत की। अगले क्रम में वक्ता के रूप में अनंग पाल सिंह भदौरिया÷अनंग ÷ ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने अपने साहित्य में सामाजिक मूल्यों का सूक्ष्म निरीक्षण किया एवं मनोवैज्ञानिक दृष्टि से उनकी कहानियां बहुत ही प्रभावी और प्रासंगिक हैं । शरद चंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें उपन्यास सम्राट का नाम दिया।अगले क्रम में साधना जैन ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद जी ऐसे रचनाकार रहे जो विश्व पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ गए और भी आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कलात्मकता के साथ द्वंद्व - अंतर्विरोध व संघर्षों के बीच अपना लेखन जीवित रखा। उनका लेखन 1906 से 1936 तक रहा।राष्ट्रवादी चिंतन उनका प्रमुख रूप से रहा÷ दो बैलों ÷ की कहानी के माध्यम से समाज को दर्पण दिखाया। उन्होंने कहा ,हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा। अगले क्रम में वरिष्ठ कथाकार सीमा जैन ने कहा, कि ÷मुंशी प्रेमचंद ने समाज की विसंगतियों पर उत्कृष्ट लेखन किया प्रेमचंद ने अपने जीवन में जो देखा है वही लिखा है, उनका लेखन जीवंत एवं प्रेरक रहा है। ÷उन्होंने कहा, जो आत्मा के लिए किया जाता है ,वह अमर हो जाता है ,जब हम स्वयं के लिए लिखते हैं, वह अस्थाई एवं मृतप्राय हो जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कथाकार एवं प्रेमचंद्र सृजन पीठ उज्जैन के पूर्व निदेशक ,जगदीश तोमर ने कहा, कि प्रेमचंद्र का समग्र साहित्य दृष्टिपरक है। उनके द्वारा लिखित ÷बूढ़ी काकी÷ जैसी कहानियों की अति आवश्यकता है। हमारे समाज में, हमारे जीवन में ,घरों के बाहर रहकर जीवन यापन करने पर घरों की उपेक्षा हो रही है। प्रेमचंद की हर कहानी मूल्यवान संदेश प्रसारित करती है। प्रेमचंद कभी नहीं मरेंगे हमें उन्हें कभी नहीं मरने देना चाहिए। उनका लेखन अमर है। इस अवसर पर सभा के उपाध्यक्ष दिनेश पाठक, सुनीता पाठक , प्रकाश मिश्रा, दिलीप मिश्रा,डॉ वंदना सेन, रामचरण ÷रुचिर÷ सभा के प्रचार-प्रसार मंत्री, उपेंद्र कस्तूरे सह मंत्री, धीरज शर्मा, सभा मंत्री, डॉक्टर किंकर पाल सिंह जादौन, अनिल राही जगमोहन श्रीवास्तव, रमेश कटारिया पारस एवं सुरेश हिंदुस्तानी सहित अनेक गणमान्य एवं भारी संख्या में साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन डॉक्टर मंजुलता आर्य ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हाल ही में विमोचित पुस्तक ÷साहित्य के पुरोधा÷ सभा अध्यक्ष कुमार संजीव को भेंट की। कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं प्रेरक रहा

# नवांगत कलेक्टर ने निर्वाचन की तैयारी को लेकर की प्रेस कांफ्रेंस

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । नवांगत कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने जिला पंचायत के सभागार में प्रेस कांफ्रेंस की जिसमें मीडिया के लोगों से परिचय किया।कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसारदिनांक 02/08/2023 को जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जा चुका है। जिले में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1476 है।निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 02/08/2023 को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन उपरांत द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान कार्यक्रम दिनांक 31/08/2023 तक चालू रहेगा तथा दिनांक 12, 13, 19 व 20 अगस्त 2023 को विशेष कैंप आयोजित किए जायेंगे, जिसके दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने काटने व संशोधन का कार्य होगा, जिसके साथ-साथ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे नागरिक जिनकी आयु दिनांक 01/10/2023 को 18 वर्ष या उससे अधिक है, तो उनके नाम भी निर्धारित प्रारूप में फार्म भरा जाकर जोड़े जायेंगे।संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नियत अवधि 02/08/2023से 31/08/2023 तक प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बी.एल.ओ. कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेगा, जिसके पास उक्तानुसार नाम जोड़ने,घटाने व संशोधन के लिए आयोग से निर्धारित प्रारूप क्रमशः 6 , 7 व 8 उपलब्ध रहेगे।आयोग के निर्देशानुसार राजनैतिक दल द्वारा नियुक्त बीएलए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर उक्त अवधि में उपस्थित रह सकते हैं।वर्तमान में निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसी व्यवस्था की गई है, कि मतदाताओं के निवास पर डाकघर के माध्यम से निःशुल्क वोटर कार्ड पहुंचाये जा रहे हैं। मतदाताओं से ऐसी अपेक्षा की गई है, कि यदि उनके वोटर कार्ड में मोबाइल नम्बर, पता आदि से संबंधित जो भी संशोधन है, तो वे निर्धारित प्रारूप 8 पर वोटर हेल्प लाईन एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।आयोग द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 चालू किया गया है, जिसके लिए जिले पर डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर स्थापित किया गया है, जहां मतदाता व आम नागरिक निर्वाचन से संबंधित समस्या का 1 समाधान एवं सुझाव / शिकायत दर्ज करा सकते हैं।विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के अंतर्गत मतदाता सूची में अधिक से अधिक नवीन / युवा मतदाताओं के नाम ऑनलाईन जोड़ने हेतु क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसके माध्यम से फार्म 6 भरने हेतु प्रेरित करने के लिए क्यूआर कोड की डिजाइन का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जा रहा है।जिले का जेण्डर रेशो बढ़ाने के लिए स्वीप प्लान के माध्यम से अधिक से अधिक महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु व्यापक अभियान चलाकर उन्हें प्रेरित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन दिनांक 04/10/2023 को किया जावेगा।

# बीलोनी गांव में हुई किसान की हत्या के मामले में भीम आर्मी एवं बीएसपी कार्यकर्ताओं ने दिया थाना प्रभारी को ज्ञापन



**दैनिक पुष्पाजली टुडे**

**गोहद** - एण्डोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीलोनी गांव में जमीनी विवाद को लेकर कुंअर सिंह पुत्र भगरीलाल निवासी बीलोनी की ग्राम पंचायत पडराई के सरपंच एलकार पुत्र रामप्रकाश गुर्जर, भूरा पुत्र रामप्रकाश, सूरज सर्फ सूरा पुत्र रामप्रकाश रामब्रज गुर्जर पुत्र शिवचरन, राहुल पुत्र कलियान सिंह निवासी रानीपुरा, रवी पुत्र रामवीर निवासी रते का पुरा, बन्टी पुत्र माधोसिंह निवासी मुलेपुरा, भूरा पुत्र जगराम निवासी रतेपुरा. के द्वारा अगवा कर मार पीट कर जान से मार दिया गया। इन पर सख्त कार्यवाही की जावे तथा परिवार के भरण पोषण के लिए कुछ सहयोग राशी प्रदान की जावे।जिसमें ज्ञापन के माध्यम से कुछ मांगे रखी गई है। जिसमें पत्नी की सहायता राशी 50,लाख रुपये तथा 30 बीघा सरकारी जमीन का पटटा देने,परिवार को सुरक्षा के लिए 5 लायसेंस शस्त्र प्रदान करने, आरोपी के सारे बन्दूको को लायसेंस निरस्त करने आरोपी का मकान जमीदोष (ध्वस्त) करने,24 घण्टे में आरोपी की गिरफतरी करने,27/07/2023 को थाने में बताने के बाद भी बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई उस समय के जो भी पदस्य अधिकारी पर सक्त कार्यवाही करने सरकार द्वारा बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्चा प्रसासन द्वारा कराए जानेकॉन्सटेबल मुखबरी का काम कर रहे उन्हे तत्काल निलंबित किया जाने,वर्तमान सरपंच ऐलकार सिंह गुर्जर की सरपंची शून्य घोषित करने ,पीड़ित की लड़की शादी योग्य है। जिसका खर्च प्रशासन द्वारा दिया जाने , मृतक के परिवार को सरकारी नोकरी प्रदान करने की मांग रखी है हालांकि प्रशासन ने पहले ही कार्रवाई करते हुए एलकार सिंह,भूरा,सूरा पुत्र गण प्रकाश गुर्जर निवासी बीलोनी,राहुल पुत्र कलियान सिंह निवासी रानीपुरा, रवी पुत्र रामवीर निवासी रते का पुरा,एवं भूरा गुर्जर रहते का पुरा के खिलाफ पुलिस ने हत्या, एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस टीमों द्वारा दबिश दी जा रही है पुलिस की टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के भरसक प्रयास कर रही है इसी बीच राजनीतिक दल बहुजन समाज पार्टी के नेता राय सिंह बोद्ध भी थाने पहुंचे साथ ही भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने थाना एंडोरी पहुंच कर थाना प्रभारी हरजेन्द्र सिंह चौहान को 11 सूत्रीय ज्ञापन दिया है जिसे आगामी कार्रवाई हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा

.मुख्यमंत्री जी का रीवा में जनदर्शन सबसे शानदार होगा - पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ल

# सभी वर्गों और संगठनों की सहभागिता से ही सफल होगा जनदर्शन – कलेक्टर

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**

**रीवा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 10 अगस्त को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान एसएएफ मैदान में दोपहर 1.30 बजे से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में लाड़ली बहना योजना की तीसरी किश्त की राशि सिंगल क्लिक से महिला हितग्राहियों के खाते में जारी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान मेडिकल कालेज के नवनिर्मित छात्रावास भवनों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान रीवा पहुंचकर विवेकानंद पार्क कालेज चौराहा से खुले रथ में जनदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। जनदर्शन कार्यक्रम मानस भवन, शिल्पी प्लाजा बाजार, स्वागत भवन होते हुए अस्पताल चौराहे में समाप्त होगा। जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री जी विभिन्न समुदायों और संगठनों के पदाधिकारियों से भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से भी जनदर्शन में भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री जी के दौरे के लिए जोर-शोर से तैयारियाँ की जा रही हैं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में पूर्व मंत्री तथा विधायक रीवा श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का रीवा में जनदर्शन कार्यक्रम सबसे अलग और शानदार होगा। जनदर्शन मुख्यमंत्री जी द्वारा रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किए गए विकास के उल्लास का प्रकटीकरण होगा। जनदर्शन में लाड़ली बहना सेना मुख्यमंत्री जी के रथ के आगे चलेगी। जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री जी विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री जी खिलाड़ियों, सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों, स्वरोजगारियों, आगंनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, रोजगार सहायक तथा व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री जी कबीर संघ, कोल समाज, रविदास समाज तथा अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर व्यक्ति पूरे उत्साह के साथ इसमें सहयोग करे। जनदर्शन में शामिल



सभी कार्यक्रमों के संबंध में संबंधित संगठनों के प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। मुख्यमंत्री जी का जनदर्शन कार्यक्रम हर दृष्टि से गौरवमयी होगा। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री जी जनदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ विवेकानंद पार्क कालेज चौराहा से करेंगे। यहाँ मुख्यमंत्री जी लाड़ली लक्ष्मी बेटियों, मेधावी विद्यार्थियों तथा छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जी जनदर्शन के दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों तथा आमजनों से संवाद करेंगे। जनदर्शन के मार्ग में पाँच स्थानों पर मंच बनाए गए हैं जहाँ पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सभी स्थानों में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम के अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी तैनात रहेंगे। विभिन्न संगठनों से मिले सुझावों के आधार पर पूरे कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई है। जनदर्शन के दौरान आमजनों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी एसएएफ मैदान में लाडली बहना योजना की तीसरी किश्त हितग्राहियों के खाते में जारी करेंगे। इस राज्य स्तरीय समारोह के लिए भी व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम को जिले ही नहीं पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में दिखाया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि लाडली बहना सम्मेलन तथा जनदर्शन कार्यक्रम से हर व्यक्ति को जोड़ने के लिए 6 अगस्त से 9 अगस्त तक जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली, पिंक साइकल रैली, दीवार लेखन तथा हस्ताक्षर अभियान जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। लाडली बहना सेना तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता 8 और 9 अगस्त को घर-घर जाकर लोगों को 10 अगस्त के कार्यक्रम के लिए पीले चावल देकर आमंत्रित करेंगी। महिला सशक्तिकरण की थीम पर 9 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीएमओ तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478